RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 272 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 27 जुलाई 2023



पेज -4 पर छत्तीसगढिया ओलंपिक के दूसरे चरण की 26 जुलाई से हुई शुरुआत

राजा शर्मा बने असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के रायगढ़ संभागीय... पेज -7 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## पार्टी जहां से कहेगी वहां से चुनाव लड़ूंगा- साय

रायपुर। मरवाही जिले के दौरे पर बुधवार को औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त नंदकुमार साय पहुंचे। पेंड्रा में नंदकुमार साय ने दिवंगत बिसाहू दास महंत और पंडित माधवराव सप्रे की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।





पेंड्रा में माधवराव सप्रे प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा नंदकुमार साय ने कहा कि यह जिला वनों और वनौषधियों से भरपूर है। यहां हर्बल पार्क की स्थापना कर वनौषधियों को संरक्षित करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार छत्तीसगढ़ दौरे पर तंज कसते हुए नंदकुमार साय ने कहा कि लगता है प्रधानमंत्री मोदी को छत्तीसगढ़ से प्रेम हो गया है। साय ने छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है, कांग्रेस यहां अच्छे सीटों से जीतेगी। वहीं बीजेपी को लेकर नंदकुमार साय ने कहा कि बीजेपी अब पहले वाली बीजेपी नहीं है। बीजेपी अब नई बीजेपी हो गई है।

## स्टंटबाज बाइकर्स पर कार्रवाई का चाबुक

### यातायात पुलिस ने ठोंका चालान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में इन दिनों फिट स्टंट करने वाले बाइकर्स का आतंक बढ़ रहा है, मीडिया में प्रकाशित खबरों के बाद राजधानी की यातायात पुलिस हरकत में आई हैं। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक्स पर खतरनाक तरीके से स्टंट करने वाले बाइकर्स पर मोटर-व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माने की कार्रवाई की है। यातायात पुलिस ने यह कार्रवाई नया रायपुर में की हैं जहां स्टंटबाजों से 4 हजार 300 रुपये चालान की वसूली की हैं।



इसके अतिरिक्त पुलिस ने बाइकर्स को सख्त हिदायत देते हुए इस तरह के स्टंट नहीं करने को कहा है। यातायात पुलिस ने बाइकर्स से बाकायदा इस बाबत शपथ पत्र भी लिया हैं। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई से खतरनाक तरीके से मोटरसाइकिल चलने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## प्रदेश का पहला क्रॉस फ्लाईओवर दोनों तरफ खुला

**रायपुर/भिलाई।** राजधानी रायपुर के पडोसी जिला दुर्ग के भिलाई पावर हाउस स्थित प्रदेश का पहला क्रॉस फ्लाईओवर आज से दोनों तरफ खुल गया। दोपहर को डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर और उनकी टीम ने दोपहर 1 बजे वाहनों की आवाजाही शुरू कराई। कुछ दिन पहले इसे रायपुर से भिलाई की ओर खोला गया था, लेकिन आज भिलाई से रायपुर लेन भी शुरू हो चुका है। बता दें कि यह फ्लाई ओवर केवल सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक ही खुला रहेगा, क्योंकि अभी यहां लाइट का काम अभी 20 दिन बाद ही पूरा होगा। डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने बताया कि इस क्रॉस फ्लाईओवर के शुरू होने के बाद पावर हाउस चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी। बता दे कि यह फ्लाई ओवर 66 करोड़ 10 लाख की लागत से बनाया गया है। जो 16 सौ मीटर लम्बा और करीब 20 मीटर ऊंचा है। लगातार ठेका कंपनी की लेटलतीफी के कारण यह ब्रीज 2 साल देरी से शुरू हो पाया।



### एक नजर

#### नक्सली शहीदी सप्ताह

## नक्सलियों के 67 सालो के इतिहास में मारे गए 14 हजार 8 सौ लड़ाके

**बीजापुर।** हर साल जुलाई-अगस्त माह में नक्सली शहीदी सप्ताह मनाते हैं। दो दिन पहले नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने प्रेस नोट जारी कर तमाम जानकारियां साझा की है। प्रेस नोट के जरिए 56 वर्षों का आंकड़ा साझा करते हुए 1967 से लेकर 2023 तक मारे गए नक्सलियों की जानकारी दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 28 जुलाई से 3 अगस्त तक नक्सली शहीदी सफ्ताह मनाएंगे। बुधवार को नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने प्रेस नोट जारी किया। इस नोट के जरिए नक्सलियों ने 56 वर्षों का आंकड़ा साझा किया है।

## छत्तीसगढ़ में अगले साल होंगे छात्रसंघ चुनाव, सीएम भूपेश बघेल ने किया ऐलान

**रायपुर।** सीएम भूपेश बघेल बुधवार को एनएसयूआई के बात हे स्वाभिमान के हमर पहली मतदान के कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने अगले साल से छात्रसंघ चुनाव कराने का ऐलान किया. बता दें कि साल 2017 के बाद से छात्रसंघ के चुनाव नहीं हुए हैं. अब सीएम की घोषणा के साथ अगले साल से चुनाव कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री के इस ऐलान के बाद युवाओं और छात्रों में खुशी की लहर है. एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताया. एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पाण्डेय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए कहा कि छात्रसंघ चुनाव की मांग हम लंबे समय कर रहे थे, मुख्यमंत्री आज ये मांग पूरी कर दी है. छात्रों को, युवाओं को राजनीति में आगे आने का अवसर मिलेगा. नए नेता तैयार होंगे. छात्रों में उत्साह का माहौल है. एनएसयूआई सोशल मीडिया संयोजक संकल्प मिश्रा ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताया है. उन्होंने कहा कि इस ऐलान के बाद छात्र और सक्रियता के साथ बेहतर राजनीति के लिए काम करेंगे. छात्रों को राजनीति में आगे आने का बड़ा असवर मुख्यमंत्री ने दिया है।



सीएम ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान के तहत NSUI प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पहली बार के मतदाताओं तक पहुंचेगा. उन्होंने कहा कि युवाओं को महापुरुषों की जीवनी पढ़नी चाहिए. युवाओं को शिक्षा पर केंद्रित रहना चाहिए. महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलना चाहिए. युवाओं को राजनीति में प्रवेश करना चाहिए, चुनाव में हिस्सा लेना चाहिए. एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को सिर्फ नारे तक सीमित नहीं रहना चाहिए. कार्यक्रम में NSUI के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन, NSUI के प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी, विधायक विकास उपाध्याय, विधायक देवेंद्र यादव, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय मौजूद रहे.

### अवैध खनन

## प्रतिबंध के बावजूद रेत का खेल

**रायपुर।** जिले की अधिकांश रेत खदानों में दिन-रात खनन किया जा रहा है. जबकि, एनजीटी के नियमों के मुताबिक 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानों में खनन पर रोक है. यही शर्त रेत खदान की निविदा में भी तय की गई थी।

इस नियम को नहीं मानने पर निविदा समाप्त की जा सकती है.

कि आरंग ब्लॉक के बेनीडीह, चिखली और हरदीडीह रेत खदान से खनन करके अवैध स्टॉक रख लिया दिनों रेत खदानों में बारिश का पानी भर जाने के कारण खनन बंद है, लेकिन बीच-बीच में बारिश रुकने पर अवैध स्टॉक रेत घाट से एक- दो किलोमीटर पर किया जाता है. फिर मानमाने दाम पर बेचा रहा है. रेत माफिया मुफ्त की रेत को 10 हजार रुपए प्रति हाइवा के दाम पर बेच रहे हैं. बता दें कि राज्य शासन सख्ती करते हुए रेत के अवैध परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन रेत खदान संचालकों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है. बता दें कि चिखली से निकाली गई रेत कमरमंदी में



2500 हाइवा स्टॉक रखा गया है. इसके अलावा धमतरी और महासमुंद के बरबसपुर रेत घाट से ट्रैक्टर से रेत निकाल हाइवा लोडिंग की जा रही है. यही रेत रायपुर तक सप्लाई की जा रही है।

### करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान, आम जनता परेशान

प्रदेश सरकार एक ओर रेत खदानों में अवैध खनन रोकने नियम अनुसार नीलामी के माध्यम से रेत खदानों का आवंटन कर रही है, तो दूसरी ओर दिन रात अवैध रूप से रेत खनन का कार्य हो रहा है. खनन माफिया गुंडागर्दी से अवैध रूप से रेत की खुदाई करने पर उतारू हो गए हैं. इसके चलते शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है. आम जनता को रेत अब भी 10 से 12 हजार रुपए हाइवा बिक रहा है.

लगातार अवैध रेत खनन परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है. रेत खदानों में और स्टॉक की जांच के लिए भी टीम भेजी जाएगी.

### छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म को मुख्यमंत्री बघेल ने बताया दुखद और निंदनीय

## पीड़िता को न्याय दिलाएगी सरकार, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का पलटवार, कहा- कांग्रेस राज में सुरक्षित नहीं बेटियां

भास्कर दूत

**रायपुर।** सुकमा में छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म की घटना को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दु:खद और निंदनीय करार दिया है. उन्होंने कहा कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. आरोपी की तलाश जारी है. पीड़िता को न्याय सरकार दिलाएगी. भाजपा के जांच दल पर कहा कि राजनीतिक दलों को जरूर जाना चाहिए. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। सुकमा में आदिवासी बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना पर डॉ रमन सिंह ने कहा कि बच्ची के साथ हुई ये घटना अमानवीय कृत हैं. बच्ची के मां-बाप को भटकना पड़ रहा है. कांग्रेस सरकार में बेटियों सुरक्षित नहीं हैं. अभी तक अपराधी नहीं पकड़े गए हैं.



दूसरे राज्यों में होता तो कांग्रेस धरती को सर में उठा लेती, लेकिन यहां अभी तक किसी ने एक शब्द नहीं बोला है. अनुसूचित जनजाति पर उनकी संवेदना नहीं है. भारतीय जनता पार्टी इस विषय पर गंभीर है. पीड़ित परिवार से मिलेंगे, पूरी रिपोर्ट बनाएंगे।

### कुमारी सैलजा ने बताई कांग्रेस की चुनावी रणनीति

## किसान, गरीब, मजदूर, यूथ, स्वास्थ्य, शिक्षा हमारी स्ट्रेटेजी में है शामिल

रायपुर। 15 साल बीजेपी के बाद बहुमत से हमारी सरकार बनी है. उस समय क्या नजारा था, और अभी कांग्रेस क्या दे रही है. हमारे स्ट्रेटजी में यूथ, किसान, गरीब, मजदूर, शहर के लोग, स्वास्थ्य, शिक्षा की बातें हों. यही स्ट्रेटजी हैं, हमारा काम बोलेगा।



इसके अलावा कई नियुक्ति बाकी है, उस पर हमारा डिस्कशन चल रहा है. यह बात छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने सीएम हाउस में सात घंटे तक चली बैठक को लेकर कही। कुमारी सैलजा ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि सभी सीनियर नेता आपस में बैठकर बात किए, इससे पार्टी को फायदा ही होता है. पार्टी की बैठक करेंगे तो आगे के लिए डिसकस होगा, यह प्रोसेस है. हम पिछले 5 साल से स्ट्रेटजी बना रहे हैं. हम ऐसा क्या काम करेंगे कि लोगों के बीच में जाकर लोग खुद देखेंगे। मणिपुर की तुलना छत्तीसगढ़ से करने पर कुमारी सैलजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग क्या इस बात को बर्दाश्त करेंगे कि मणिपुर के साथ छत्तीसगढ़ को कंपेयर किया जा रहा है? पीयूष गोयल यहां के लोगों का अपमान कर रहे हैं. प्रधानमंत्री और सीनियर नेता हैं, उन्हें एहसास होने लगा है कि उनके नीचे की जमीन कमजोर है. उनकी बातों में रिफ्लेक्ट होने लगा है। संसद में इस मुद्दे पर डिस्कशन होगा तो छत्तीसगढ़ का मामला भी उठाएंगे. कैसे प्रधानमंत्री और उनके मंत्रियों ने नेताओं ने कैसे कंपेयर कर लिया छत्तीसगढ़ को मणिपुर के साथ। और आग बुझाने का मलहम लगाने का कोई प्रयास नहीं हो रहा, उल्टा यहां आकर भड़काऊ बातें की जा रही है.

### INDIA पर सियासी जंग


#### उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का पीएम मोदी पर हमला

## संविधान में लिखी बात नकार रहे, देशद्रोह का मामला

**रायपुर.** INDIA को लेकर पीएम मोदी के दिए बयान पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का बड़ा बयान सामने आया है. टीएस सिंह ने पीएम मोदी के बयान को छद्म मानसिकता का परिचायक बताया है. उन्होंने यह भी कहा कि, देश की आजादी के बाद अनेकों विद्वानों ने कॉन्सीट्यूशन असेंबली के माध्यम से संविधान बनाया. उसके शब्द क्या है भारत थैट इज इंडिया. जब इंडिया हमारे संविधान में वो स्थान रखता है आप उसके बारे में बोल रहे हैं. देशद्रोह का मामला बनता है कि, नहीं बनता है। आगे टीएस सिंहदेव ने कहा, हमारे संविधान में जो बात लिखी है आप उसको नकार रहे हैं. कैसे प्रधानमंत्री है हमारे देश में ? कैसी सत्तापक्ष देश में बैठी हुई है? यह अत्यंत दुर्भाग्य की बात है, इसको संज्ञान में लेना चाहिए. अगर कोई और नहीं लेता है तो सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए।



## पूर्व सीएम रमन सिंह ने सीएम भूपेश बघेल और शिक्षा मंत्री चौबे को लिखा पत्र, वादों की दिलाई याद



डॉ. रमन सिंह
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा | पूर्व मुख्यमंत्री, छ.ग.
0771-4281001
0771-4281002
+917470367805
EX. C.M. No. 567
DATE: 26/07/2023

प्रति,
माननीय मुख्यमंत्री महोदय
छ.ग. शासन
मंत्रालय नया रायपुर

विषय :- छ.ग. प्रदेश के शासकीय विभागों/निगम/आयोग/मंडलों/निकायों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के नियमितिकरण बाबत्।


श्री रवि गढ़पाले, प्रदेश अध्यक्ष, छ.ग. संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ रायपुर द्वारा जनघोषणा पत्र 2018 के बिन्दु क्र. 11 प्रदेश के शासकीय विभागों/निगम/आयोग/मंडलों/निकायों में कार्यरत अनियमित, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी/अधिकारियों की नियमितिकरण एवं किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं करने का वादा एवं बिन्दु क्र.30 में शासकीय विभागों में आउट सोर्सिंग पूर्णतः बंद करने का वादा को पूर्ण कराने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः जनघोषणा के अनुसार, प्रदेश के शासकीय विभागों/निगम/आयोग/मंडलों/निकायों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों को नियमितिकरण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना चाहेंगे।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार

(डॉ. रमन सिंह)

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने विभिन्न समसामयिक विषयों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे के नाम 3 पत्र लिखे हैं. पत्र में अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण और दिवंगत शिक्षकों के अनुकंपा नियुक्ति की मांग की गई है।



रमन सिंह
EX. C.M. No. 569
प्रति,
माननीय श्री रविन्द्र चौबे जी
स्कूल शिक्षा मंत्री
छ.ग. शासन, मंत्रालय नया रायपुर
विषय :- विद्यामितान अतिथि शिक्षकों का नियमितिकरण बाबत्।
अतः जनघोषणा के अनुसार विद्यामितान अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना चाहेंगे।
संलग्न:- उपरोक्तानुसार
(डॉ. रमन सिंह)

### बैठक...

#### राजभवन में निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## योग विश्व को भारत की देन है-राज्यपाल हरिचंदन

रायपुर। राज्यपाल और कुलाध्यक्ष विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्य के सभी निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक लेकर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान कार्य एवं अन्य कार्यो की समीक्षा की।



राज्यपाल ने कहा कि योग विश्व को भारत की देन है। विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए विश्वविद्यालयों में योग की गतिविधियां संचालित की जायें। राज्यपाल ने सभी कुलपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से भारत के योग को पूरी दुनिया में पहचान मिली और पूरी दुनिया अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा। भारत ने विश्वगुरू बनने की दिशा में आगे कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि योग से तन और मन स्वस्थ होगा और युवा पीढ़ी अपनी पूरी क्षमता के साथ देश के निर्माण में समर्पित होगी। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ परदेसी ,राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के चेयरमेन डॉ. उमेश मिश्रा और सभी निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।



राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि अध्ययन के अलावा विद्यार्थियों की समाज और राष्ट्र के प्रति भी जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालयों को इस भूमिका के लिए भी विद्यार्थियों को तैयार करना चाहिए।

## स्कूल में मिड डे मील खाकर 30 बच्चे बीमार:13 बच्चों की हालत गंभीर

### मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी, उल्टी, पेट-सिर दर्द की शिकायत

**कोरबा।** कोरबा जिले के बीरतराई गांव के मिडिल स्कूल में मिड डे मील खाकर करीब 30 बच्चे बीमार हो गए हैं। सभी बच्चों को करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया। इनमें से कुछ बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मंगलवार दोपहर 1 बजे के करीब बच्चों ने मिड डे मील खाया।



मध्याह्न भोजन में करील, भिंडी और आलू मिक्स बना था। सभी बच्चों ने खाना खाया। खाना खाने के एक घंटे के बाद से बच्चों की तबियत खराब होने लगी। सभी बच्चों को उल्टी, पेट और सिर दर्द शुरू हो गया। छठवीं, सातवीं और आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले करीब 30 छात्र-छात्राओं की हालत खराब हो गई। सभी बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इनमें से 13 बच्चों की हालत गंभीर थी, जिन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज जारी है। सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ऋ्रह यशवंत कुमार साहू ने बताया कि 13 बच्चों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

# फार्मा क्षेत्र की साख, गुणवत्ता में हानि से विश्व बाजार में धूमिल हो रही भारत की प्रतिष्ठा

छह महीने बाद इसी कंपनी के एक और उत्पाद के सेवन से हिमाचल के एक बच्चे की मौत हो गई। मार्च, 2021 में एक और दवा में परीक्षण एजेंसियों द्वारा सक्रिय संघटक के निम्न स्तर पाए गए। इतने पर भी दवा कंपनी के खिलाफ कार्रवाई बहुत प्रभावी नहीं रही। ऐसे मामलों में दवा निर्माताओं के खिलाफ मामला बनाना चुनौतीपूर्ण रहा है। देश में 36 ड्रग रेगुलेटर हैं, फिर भी ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। भारत विश्व स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्माता है।

वैश्विक फार्मा बाजार में हमारी हिस्सेदारी 13 फीसदी है और हम 200 से अधिक देशों को दवाओं की आपूर्ति करते हैं। टीकों के मामले में तो हमारी वैश्विक हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है। इस तरह भारत दुनिया भर में गरीबों के जीवन में बदलाव की प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है। फार्मा सेक्टर के विकास के लिए उद्यमियों ने लंबा संघर्ष किया है। पर निर्यात बाजार में दवा नियमों और भारतीय दवाओं के अप्रभावी या हानिकारक होने की अपमानजनक घटनाओं से इस क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंच रहा है। 48 आम दवाएं हाल ही में गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में विफल रही हैं। उच्च रक्तचाप, एलर्जी और जीवाणु संक्रमण के लिए भारतीयों द्वारा नियमित रूप से ली जाने वाली तमाम दवाओं का करीब तीन प्रतिशत विनियामक निरीक्षकों की नमूना जांच में घटिया पाया गया है। विगत फरवरी में तमिलनाडु की एक फर्म ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर द्वारा अमेरिका को निर्यात किए गए आई ड्रॉप्स के एक पूरे बैच को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि इससे आंखों को नुकसान पहुंच सकता था। मैडान फार्मास्यूटिकल्स और मैरियन बायोटेक द्वारा देश में बनाए गए कफ सिरप को 2022 में क्रमशः गांबिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत से जोड़ा गया था। हालांकि भारत के ड्रग रेगुलेटर ने ऐसे किसी संबंध से इन्कार करते हुए कहा कि इसकी सैंपल जांच में कोई जहरीला पदार्थ नहीं पाया गया है। दवाओं की गुणवत्ता मामलों का निजी और सामाजिक, दोनों ही तरह का असर पड़ सकता है। कई बार एजिथ्रोमाइसिन जैसी सामान्य दवा कम प्रभावी पाई गई है। भारत के औषधि महानियंत्रक (डीजीसीआई) द्वारा 20 राज्यों की 76 फर्मों के निरीक्षण के बाद 18 फार्मा कंपनियों के विनिर्माण



लाइसेंस रद्द करने के साथ केंद्र सरकार दवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए कदम उठा रही है। वैसे अभी और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इस बीच, वैश्विक नियामकों की कार्रवाई भी जारी है। नवंबर, 2019 से विगत नवंबर तक यूएस एफडीए ने 60 आधिकारिक कार्रवाइयों (ओएआई) के बारे में संकेत दिए हैं। एफडीए के चुनिंदा निरीक्षणों में पाया गया है कि कुछ बड़े फार्मास्यूटिकल खिलाड़ियों द्वारा खासकर कैंसर संबंधित और इंसुलिन दवाओं के निर्माण में

> *वैश्विक फार्मा बाजार में हमारी हिस्सेदारी 13 फीसदी और टीकों के मामले में हमारी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्माता भी है। पर निर्यात बाजार में दवा नियमों व भारतीय दवाओं के अप्रभावी या हानिकारक होने की घटनाओं से इस क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंच रहा है।*

माइक्रोबायलॉजिकल संदूषण को रोकने के लिए स्थापित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे मामलों में फंगल से बचने के तरीके तक अमल में नहीं लाए जा रहे। दवाओं की गुणवत्ता के मामले में ऐसी लापरवाही खतरनाक है, जिससे दुनिया में भारत की साख प्रभावित हो रही है। जाहिर है कि फार्मा क्षेत्र में ठोस विनियामकीय सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय सभी फार्मा निर्माताओं पर प्रभावी निगरानी के लिए दवाओं के केंद्रीकृत डाटाबेस को बढ़ावा देने की पहल के साथ ड्रग्स ऐंड कॉस्मेटिक्स ऐक्ट (1940) में संशोधन कर सकता है। यदि संघीय-राज्य सहयोग इसकी अनुमति देता है, तो देश के 36 क्षेत्रीय नियामकों को एक एकल नियामकीय व्यवस्था की शक्ल दी जा सकती है। इससे स्थानीय व राज्य स्तर पर नियामकीय प्रक्रिया को प्रभावित करने के जोखिम न्यूनतम हो जाएंगे। नियामकीय सशक्तता के लिए राज्यों में सामान्य दवा मानकों की भी जरूरत है। देश में 10,000 से अधिक दवा निर्माण इकाइयां हैं, जिनमें से 2,000 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने प्रामाणिक पाया है। ऐसी इकाइयां 3,000 से अधिक फर्मों के स्वामित्व में हैं, जिनमें हजारों उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन सभी को विनियमित करने का अर्थ है- निरीक्षण की एक बड़ी जवाबदेही। अतीत में नियमित जांच के दौरान महज सक्रिय अवयवों की कमी पर रोशनी डाली गई है। 2013 में तमिलनाडु में एक एंट्री एलर्जिक दवा को सिर्फ ग्लिपीजाइड का इस्तेमाल न होने के कारण गैरमानकीय करार दिया गया था। राज्य दवा नियंत्रकों के तहत निरीक्षण टीमों को मजबूत करने और निरीक्षण अवधि को कम और नियमित करने के लिए अतिरिक्त बजटीय सहायता की जरूरत है। भारत में बनी दवाओं के प्रति भरोसा बढ़ाने के लिए नियामकीय प्रक्रिया का पारदर्शी और प्रभावी होना जरूरी है। इसके अलावा हमें पिछली गंभीर नियामकीय व गुणवत्ता संबंधी उल्लंघनों का डाटाबेस भी सार्वजनिक करना चाहिए। ड्रग रिकॉल पर एक राष्ट्रीय कानून के लिए भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह प्रस्ताव 1976 से लटका पड़ा है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) का वैधानिक सामर्थ्य बढ़ाना चाहिए और इसके लिए स्वतंत्र निकाय के रूप में एक केंद्रीय औषधि प्राधिकरण बनाने के लिए ड्रग्स ऐंड कॉस्मेटिक्स (संशोधन) विधेयक, 2013 की तरह एक बिल तैयार व पारित करना चाहिए।

वरुण गांधी

## संपादकीय

### आग फैल रही है

उत्तर-पूर्व अनेक आदिवासी समुदायों का घर है, जिनमें अपनी अलग पहचान को जताने की प्रवृत्ति बढ़ती चली गई है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मणिपुर में सत्ताधारी पार्टी खुद इस होड़ में शामिल हो गई दिख रही है। जबकि मणिपुर में लगी आग की लपटें दूसरे राज्यों में भी पहुंचने लगी हैं।

मणिपुर में हालात अभी भी उबाल पर हैं, जबकि अब इसकी लपटें मिजोरम को भी झुलसाने लगी हैं। मणिपुर में हिंसा जारी रहने के कारण वहां से मैतेई समुदाय के कई लोगों ने मिजोरम जाकर पनाह ली थी। मिजोरम सरकार ने उनके वहां रहने की व्यवस्था की थी। लेकिन इसी बीच चार मई का वह भयानक वीडियो वायरल हो गया, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्नावस्था में परेड कराते दिखाया गया। इसके बाद से उत्तर-पूर्व के कई आदिवासी समुदायों में गुस्से की खबर मिल रही है। पहले यह खबर आई की नगा समुदाय खफा है। उसकी तरफ से आशंका जताई गई है कि जो कुकी महिलाओं के साथ हुआ, वह उनके समुदाय की महिलाओं के साथ भी हो सकता है। इसी बीच मिजोरम के आदिवासी समुदाय उस वीडियो को देख कर इतना भड़के कि उन्होंने मैतेई समुदाय के लोगों के लिए चेतावनी जारी कर दी कि वे उनके राज्य से चले जाएं। इसका तुरंत असर हुआ। खबर है कि बड़ी संख्या में मैतेई समुदाय के लोग विमान, बस या टैक्सी से मणिपुर की तरफ रवाना हो चुके हैं।

मुद्दा यह है कि जिन हालात के कारण ये लोग अपना घर-बार छोड़ कर गए थे, उनमें मणिपुर में कोई सुधार नहीं हुआ है।

# संसद हो या विधानसभाएं, हर जगह हो रहा हंगामा संसदीय लोकतंत्र पर सवाल खड़े कर रहा है

भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। न केवल संसद बल्कि राज्यों की विधानसभाओं में समुचित रूप से विधायी कार्य न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद एवं विधानसभाएं ऐसे मंच हैं जहां विरोधी पक्ष के सांसद एवं विधायक आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, लेकिन विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये



> दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं।

सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है? दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं। संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक तस्वीर एक जैसी सामने आ रही है। राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को अमर्यादित आचरण के आरोप में पूरे सत्र के लिए, तो राजस्थान में भी तीन दिन पहले तक मंत्री रहे राजेन्द्र गुढ़ा और विपक्षी दल भाजपा के विधायक मदन दिलावर को शेष सत्र के लिए निलम्बित कर दिया गया। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत विपक्ष की भी जरूरत होती है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र को दूषित करने में लगे हैं। यह देखना दुखद, दयनीय और शर्मनाक है कि मणिपुर को लेकर देश-दुनिया में तो चर्चा हो रही है, लेकिन भारत की संसद में नहीं। यह चर्चा न हो पाने के लिए जिम्मेदार है क्षुद्र राजनीति और एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की प्रवृत्ति। संसद के तीन दिन बर्बाद हो गए, लेकिन मणिपुर पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। विपक्ष गृहमंत्री से पहले प्रधानमंत्री का वक्तव्य चाहता है। यह जिद चर्चा से बचने का बहाना ही अधिक जान पड़ती है, क्योंकि एक तो प्रधानमंत्री मणिपुर की घटना पर पहले ही बोल चुके हैं और दूसरे, सत्तापक्ष की ओर से यह नहीं कहा गया कि वह आगे इस विषय पर कुछ नहीं कहने वाले। लेकिन विपक्ष ने ठान लिया है कि वही होना चाहिए, जो उसकी ओर से कहा जा रहा है। जबकि सत्तापक्ष की ओर से बार-बार यह कहा जा रहा है कि मणिपुर सहित अन्य जरूरी मुद्दों पर यदि चर्चा के लिए समय कम पड़ा और उसे बढ़ाने की आवश्यकता पड़ी तो यह काम किया जा सकता है, इससे यही प्रतीत होता है कि विपक्ष संसद में ऐसा माहौल बना देना चाहता है कि आम जनता को लगे कि सरकार मणिपुर पर चर्चा करने से बच रही है। शायद इसीलिए विपक्षी नेता संसद परिसर में प्रदर्शन करने और दोनों सदनों में नारेबाजी को अतिरिक्त प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां मध्य प्रदेश और राजस्थान की विधानसभाओं में देखने को मिल रही हैं। मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों ही राज्यों में चार माह बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। मध्यप्रदेश में तो विधानसभा के आखिरी सत्र में पांच बैठकें होनी थीं लेकिन शोर-शराबे के हालात ऐसे रहे कि दो बैठकों के बाद ही मानसून सत्र समाप्त कर दिया गया। वैसे तो यह कोई नई बात नहीं है। देश की अधिकांश विधानसभाएं हंगामे और शोरगुल में ही डूबी रहती हैं, बिना कामकाज किये सम्पन्न हो जाती हैं।

ललित गर्ग

## मिला जुला

### अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस ने जारी किया व्हिप, सांसदों की बुलाई बैठक

नई दिल्ली। विपक्षी दल बुधवार को लोकसभा में केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगा। इससे पहले कांग्रेस ने बुधवार को सुबह 10.30 बजे पार्टी के संसदीय कार्यालय में अपने लोकसभा सांसदों की बैठक बुलाई।

**कांग्रेस ने जारी किया व्हिप**

कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों को आज संसद में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप भी जारी किया है। बता दें कि विपक्षी दलों ने आज लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया है।

**सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव**

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को बताया कि विपक्षी दल कल (बुधवार) सरकार के खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे। मालूम हो कि मणिपुर मुद्दे को लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है।

**अधीर रंजन चौधरी ने कहा**

आज यह निर्णय लिया गया है कि हमारे पास अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लेने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है, क्योंकि केंद्र सरकार मणिपुर पर प्रधानमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा करने की विपक्ष की मांग को स्वीकार नहीं कर रही है। उन्हें मणिपुर हिंसा पर बयान देना चाहिए, क्योंकि वह संसद में हमारे नेता हैं। मणिपुर मुद्दे पर अपनी मांग पर अड़ा विपक्ष- बता दें कि दोनों सदनों में विपक्ष मणिपुर की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। साथ ही विपक्ष की मांग है कि मणिपुर मुद्दें पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद बयान दें।

### अविश्वास प्रस्ताव

## 'इतनी तैयारी करो कि 2023 में..., सच साबित हुई पीएम मोदी की भविष्यवाणी?

विपक्षी पार्टी आज लोकसभा में केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाई है। इसी बीच केंद्र सरकार के खिलाफ 2018 में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर पीएम मोदी का बयान वायरल हो रहा है। पीएम मोदी विपक्षी दलों से मजाक में कहते हैं कि उन्हें 2023 में भी इसी तरह का प्रस्ताव पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टी आज लोकसभा में केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाई है। इसे लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने मंजूरी दे दी है। इसी बीच, केंद्र सरकार के खिलाफ 2018 में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर पीएम मोदी का बयान वायरल हो रहा है।

**पीएम मोदी ने 2018 में की थी भविष्यवाणी**

विपक्ष द्वारा 2018 में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जवाब वायरल हो गया है, जिसमें वह विपक्षी दलों से मजाक में कहते हैं कि उन्हें 2023 में भी इसी तरह का प्रस्ताव पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

लोकसभा में 2018 में अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा था

मैं आपको शुभकामनाएं देना चाहता हूं कि आप इतनी तैयारी करें कि आपको 2023 में फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का मौका मिले।



**पीएम मोदी ने कांग्रेस की ली थी चुटकी**

पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस को जवाब देते हुए कहा था कि यह अहंकार का परिणाम है कि 2014 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की सीटें एक समय में 400 से गिरकर लगभग 40 हो गईं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा था कि यह सेवा की भावना का ही परिणाम है कि भाजपा दो सीटों से बढ़कर अपने दम पर सत्ता में पहुंची। उन्होंने कांग्रेस से कहा था कि आप मिलावटी दुनिया में जी रहे हैं।

## अविश्वास प्रस्ताव पर बीएसपी किसका देगी साथ? सांसद ने बताया पार्टी का क्या है प्लान

**विपक्षी** दलों का प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव संख्याबल के लिहाज से विफल होना तय है लेकिन उनकी दलील है कि वे चर्चा के दौरान मणिपुर मुद्दे पर सरकर को घेरकर अवधारणा बनाने की लड़ाई जीत जाएंगे. हालांकि विपक्षी दलों के गठबंधन और एनडीए से अलग के दलों का इस अविश्वास प्रस्ताव पर क्या रुख होगा?, इसको लेकर तमाम तरह की अटकलें चल रही हैं. इसी बीच बीएसपी सांसद मलूक नागर की प्रतिक्रिया आई है.

अविश्वास प्रस्ताव पर बीएसपी सांसद ने कहा, 'हमारे लिए देश



और उसके लोग पहले हैं. हम चर्चा में हिस्सा लेंगे. हम मणिपुर की हर बात पर विस्तार से चर्चा करेंगे. हम पहले ही मांग कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री बदला जाए. हम राजस्थान पर भी चर्चा करेंगे जहां दलितों और पिछड़ों के साथ बलात्कार हो रहा है और वहां भी सीएम बदले जाएं इस पर चर्चा करेंगे. हम 500 करोड़ रुपये की डायरी पर चर्चा करेंगे. हम छत्तीसगढ़ के साथ-साथ मध्य प्रदेश में दलितों पर हो रहे अत्याचार पर भी चर्चा करेंगे.'

**जवाब देंगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**- विपक्षी दलों ने दलील दी कि यह मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसद में बोलने के लिए विवश करने की रणनीति भी है. सरकार इस बात पर जोर दे रही है कि मणिपुर की स्थिति पर चर्चा का जवाब केवल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देंगे.

### 'हमारे लिए मर गई अंजू'... निकाह की बात सुनकर छलका पिता का दर्द

'अंजू ने अपने दो बच्चों का भविष्य बर्बाद कर दिया है. जिस तरह से वह अपने दो बच्चों और पति को छोड़कर भागी है, उसने अपने बच्चों के बारे में भी नहीं सोचा.. अब उसके बेटे और बेटी को पालने का जिम्मा कौन उठाएगा. अगर उसे ऐसा करना था तो पहले अपने पति को तलाक देना चाहिए था. वह अब हमारे लिए मर चुकी है.' ये दर्द है एक पिता का जिसकी शादी-शुदा बेटी, जो दो बच्चों की मां भी है, ने पाकिस्तान जाकर अपने प्रेमी नसरुल्ला से निकाह कर ली. यही नहीं उसने अपना नाम भी अंजू से बदलकर फातिमा कर लिया है. गौरतलब है कि राजस्थान की रहने वाली अंजू अपने फेसबुक प्रेमी से मिलने बीते दिनों बिना किसी को बताए पाकिस्तान पहुंच गई थी. जयपुर जाने के बहाने घर से निकली अंजू फिलहाल पाकिस्तान में है और मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब उसने अपना धर्म भी बदल लिया है.

### मेरा माइक बंद कर दिया, मेरे सेल्फ रिस्पेक्ट को तोड़ा.. मेरा अपमान हुआ, जब राज्यसभा में भड़के मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच जमकर हंगामा हो रहा है। आज भी राज्यसभा में कुछ ऐसा ही नजारा था। विपक्ष के 'धोखेबाज' कहने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भड़क गईं। उन्होंने विपक्ष पर ताबड़तोड़ हमला किया। इसी बीच, सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी खुद के अपमान का मुद्दा उठाया।

**खरगे बोले, मेरा भी अपमान हुआ**- खरगे ने निर्मला के आरोप पर बोले कि इसीलिए मैं ये सोचकर उठा था कि मुझे मौका मिलेगा बात करने के लिए। मैं पूरे अपने इशूज को सदन के सामने रख रहा था, जब



50 लोग 267 पर बहस के लिए तैयार थे, उसपर सहमति थी लेकिन मुझे बोलने का मौका नहीं मिला। जब मैं बोल रहा हूं और अचानक मेरा माइक बंद करना, ये मेरा प्रिवलेज है, आपने प्रिवलेज को धमकाया, मेरा अपमान हुआ है। मेरे रेस्पेक्ट को आपने सेल्फ रेस्पेक्ट चैलेंज किया। अगर सरकार के इशारे पर अगर सदन चला तो मैं समझूंगा कि लोकतंत्र नहीं है।

# भारत को गैर-बासमती सफेद चावल से निर्यात प्रतिबंध हटाने 'प्रोत्साहित' करेगा आईएमएफ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि वह भारत को चावल की एक निश्चित श्रेणी के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने के लिए 'प्रोत्साहित' करेगा, क्योंकि इससे वैश्विक मुद्रास्फीति पर असर पड़ सकता है. भारत सरकार ने आगामी त्योहारों के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर 20 जुलाई को प्रतिबंध लगा दिया था.

खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि गैर-बासमती उसना चावल और बासमती चावल की निर्यात नीति में कोई बदलाव नहीं होगा. कुल निर्यात में दोनों किस्मों का हिस्सा बड़ा



है. देश से निर्यात होने वाले कुल चावल में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने कहा कि मौजूदा स्थिति में इस प्रकार के प्रतिबंधों से बाकी दुनिया में खाद्य कीमतों में अस्थिरता पैदा होने की आशंका है और इसके बाद बाकी देश भी बदले में कोई कार्रवाई कर सकते हैं.

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 'इसलिए हम भारत को निर्यात पर इस प्रकार से प्रतिबंध हटाने के लिए निश्चित ही प्रोत्साहित करेंगे, क्योंकि इनसे दुनिया पर हानिकारक असर पड़ सकता है.'

# ओपी ने पूछा महिलाओं के लिये असुरक्षित क्यों हो रहा छत्तीसगढ़ बताएं भूपेश बघेल

## महिलाओं से जुड़े अपराध के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बस्तर क्षेत्र में सरकारी पोटाकेबिन से बस्तर की बेटी को उठा कर ले जाने की घटना का जिक्र करते हुए भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा इस पीड़ा दाई घटना से मन रोष से भर गया है। आश्चर्य इस बात का है कि अपराधियों के मन में सरकार व कानून का कोई भय नहीं है। ओपी चौधरी ने सीधे तौर पर

कांग्रेस सरकार को अपराधी हितैषी सरकार निरूपित करते हुए कहा प्रदेश अपराधगढ़ बनने की ओर अग्रसर है। बस्तर में हुई इस घटना को छत्तीसगढ़ में बेटियों और बहनों के विरुद्ध निरंतर बढ़ते अपराध प्रमाण बताया साथ ही कहा सिस्टम पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है यह घटना फेल हो रही कानून व्यवस्था की पोल खोल रही है। प्रदेश वासियों से आह्वान करते हुए कहा महिलाओं को सुरक्षित करने के लिए भूपेश सरकार को बदलना जरूरी है। अनुसूचित जनजाति की बच्चियों और महिलाओं पर होने वाले अपराध के मामलों में छत्तीसगढ़ देश में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है।ओपी ने सरकारी आंकड़ों के हवाले से कहा छत्तीसगढ़ में हर दिन महिलाओं से दुष्कर्म की तीन घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद केंद्र सरकार की ओर से महिला सुरक्षा के लिए जारी निर्भया फंड का पूरा इस्तेमाल नहीं हो पाया है। पिछले छह वर्षों में छत्तीसगढ़ के लिए केंद्र से 83 करोड़ रुपये जारी हुए और खर्च 53 करोड़ रुपये हुए हैं। छत्तीसगढ़ में बढ़ते गंभीर अपराधो की जानकारी मुहैया कराते हुए ओपी ने बताया कि आईपीसी और स्पेशल एंड लोकल



लॉ के मुताबिक छत्तीसगढ़ में वर्ष 2019 में 96561, वर्ष 2020 में 103173 और 2021 में 110633 केस दर्ज हुए। यह सभी हत्या, बलात्कार, अपहरण, दंगा, लूट जैसे मामले दर्ज हुए है। बालिकाओं से हुए दुष्कर्म के प्रकरण भी बढ़े है। प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट यानी पोक्सो के तहत छत्तीसगढ़ में पिछले 1 साल में 2361 केस दर्ज किए गए हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चों के खिलाफ हुए अपराधों में आईपीसी और स्पेशल लोकल लॉ के तहत दर्ज मामलों में भी 2021 में इजाफा हुआ। रेकॉर्ड के अनुसार छत्तीसगढ़ में वर्ष 2019 में 5665, वर्ष 2020 में 5056 और 2021 में 6001 मामले दर्ज किए गए थे । इस लिहाज से वर्ष 2021 में बच्चों के खिलाफ ही अपराध बढ़ा है। इनमें बच्चों से मारपीट, प्रताड़ना, साइबर क्राइम संबंधी मामले हैं। महिला अपराध के मामले में छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के हवाले से दिए गए आंकड़ों को भयावह बताते हुए ओपी ने कहा रेप और मर्डर के मामले में छत्तीसगढ़ का क्राइम ग्राफ काफी ज्यादा है। पिछले 10 महीनों में ही 1716 बलात्कार की घटना हुई है। इस साल 60 घटनाएं गैंगरेप की एजबकि 835 मर्डर की वारदात हुई है। हर महीने 80 लोगों का मर्डर हो रहा है। राजधानी में सबसे ज्यादा वारदात हो रही है। राजधानी में इस साल अब तक 61 मर्डर, 189 रेप और 5 गैंगरेप की घटना हुई है। जबकि 398 लोगों का अपहरण हुआ। बलौदाबाजार में 30 मर्डर 34 रेप और 2 गैंगरेप की घटना हुई, जबकि 93 अपहरण हुए। महासमुंद में 24 मर्डर, 61 रेप और 61 अपहरण की घटना हुई। धमतरी में 21 मर्डर, 43 रेप और 1 गैंगरेप, गरियाबंद में 10 मर्डर 24 रेप और 3 गैंगरेप, दुर्ग में 33 मर्डर, 129 रेप, बालोद में 26 मर्डर और 38 रेप बेमेतरा में 13 हत्या और 38 बलात्कार, राजनांदगांव में 38 मर्डर और 62 रेप, कबीरधाम में 17 मर्डर और 34 रेप, बिलासपुर में 53 मर्डर और 107 रेप के अलावा प्रदेश में सर्वाधिक 9 गैंगरेप, मुगेली में 18 हत्या और 45 रेप, रायगढ़ में 49 हत्या और 105 रेप के साथ-साथ 6 गैंगरेप, जांजगीर में 33 हत्या, 61 बलात्कार और 3 गैंगरेप, कोरबा में 37 मर्डर, 33 रेप और 4 गैंगरेप,सरगुजा में 54 मर्डर, 110 बलात्कार, जशपुर में 44 हत्य, 86 रेप और 3 गैंगरेप 3 कोरिया में 31 मर्डर, 82 गैंगरेप और 4 गैंगरेप, बलरामपुर में 39 मर्डर, 82 रेप 3 सूरजपुर में 31 हत्या, 59 रेप और 6 गैंगरेप, बस्तर में 34 हत्या और 3 रेप, कोंडगांव में 23 मर्डर और 31 रेप, दंतेवाड़ा में 31 मर्डर और 19 रेप, सुकमा में 28 हत्या और 09 रेप, कांकेर में 26 हत्या और 58 रेप के अलावे 5 गैंगरेप, बीजापुर में 23 हत्या और 10 रेप, जबकि नारायणपुर में 18 मर्डर और 12 रेप की घटनाये हुई है। ओपी ने प्रदेश के बिगड़ते हालात पर चिंता जाहिर की है।

## एक नजर

### छ.ग. के आदिवासी समुदायों को अ.ज.जा. सूची में शामिल कर प्रधानमंत्री मोदी ने छग को दी बड़ी सौगात- विकास केडिया

आदिवासी समुदायों को अजजा सूची में शामिल करने वाला विधेयक संसद में हुआ पारित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ के कई समुदायों को अनुसूचित जनजाति एसटी का दर्जा देने वाला विधेयक संसद में पारित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास केडिया ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छग के आदिवासी समुदायों को अजजा सूची में शामिल कर उन्हें बहुत बड़ी सौगात देने का कार्य किया है।



बीते 25 जुलाई को संविधान अनुसूचित जनजाति, आदेश पांचवां संशोधन, विधेयक, 2022 पर संसद के दोनों सदनों पर चर्चा हुई। फिर विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। भाजपा नेता केडिया ने आगे बताते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने से छग के कई आदिवासी समुदायों धनुहार, धनुवार, किसान, सौंरा, साओंरा और बिंझिया समुदायों को अनुसूचित जनजाति की कैटगरी में शामिल करने का प्रावधान है। इसके अलावा इसमें भुइन्याए भुइयां और भुयान समुदायों को भरिया भूमिया समुदाय का ही हिस्सा माने जाने का प्रावधान किया गया हैए भरिया भूमिया समुदाय पहले से ही अजजा सूची में शामिल है। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि संविधान अनुसूचित जनजातिद्ध आदेश पांचवां संशोधन,विधेयक,2022 छत्तीसगढ़ की जनजातियों के हित में है और मोदी सरकार इस बात को मानती है कि आदिवासी समुदायों का विकास सीधे तौर पर देश की सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक प्रगति से जुड़ा है।

### कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर के खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय सुब्रतो मुख़र्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में की जीत हासिल

राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुए क्वालीफाई

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर के खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय सुब्रतो मुख़र्जी फु-टबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जीत हासिल करने पर अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विदित हो कि कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर के खिलाड़ियों ने शंकरगढ़ में आयोजित संभाग स्तरीय सुब्रतो मुख़र्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के फाईनल मैच में बलरामपुर के टीम को 1 गोल से हराकर संभाग स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी खिताब में अपना नाम दर्ज करने के साथ ही राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 अगस्त के मध्य जगदलपुर में होना है।

### मनोरा के तालासिली में बांस शिल्प प्रशिक्षण प्रारंभ

शिल्पियों को अच्छा रोजगार से जोड़ने दिया जा रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।




छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड, ग्रामोद्योग विभाग छ.ग. शासन के वित्तीय सहयोग से विकास खण्ड मनोरा के ग्राम तालासिली में आज 20 महिला एवं पुरूषों का बांस शिल्प में प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसमें सिद्धस्त शिल्पकार आजाद भगत के द्वारा तीन महिने तक बांस शिल्प का प्रशिक्षण दिया जावेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिमाह 1500 रुपए मजदूरी क्षतिपूर्ति भत्ता का भुगतान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण में उपयोग होने वाले कच्चामाल एवं अन्य सामग्री बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा। प्रशिक्षण समापन पश्चात प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन किया जावेगा। तथा देश के विभिन्न प्रदेशों में आयोजित होने वाले प्रदर्शनी में प्रशिक्षित शिल्पकारों को भेजा जाएगा। जिसमें आने-जाने का किराया एवं रहने खाने की व्यवस्था विभाग द्वारा किया जावेगा शिल्पियों द्वारा विक्रय किये गये सामग्री का प्राप्त राशि पूर्ण रूप से उनकी कमाई होगी तथा शिल्पियों को एक अच्छा रोजगार से जोड़ा जाएगा जिससे उनके आय में वृद्धि होगी।

## जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र में रिक्त पदों के लिए 4 अगस्त तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (डब्ल्यूसीडीसी) के लिए तकनीकी विशेषज्ञ (अभियांत्रिकी),प्रबंधन विशेषा एवं लेखापाल के पद पर एवं परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी पीआईए हेतु डब्ल्यूडीटी आजीविका, डब्ल्यूडीटी समूह विकास एवं लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों की सूची जारी रायगढ़ जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in एवं उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वे 4 अगस्त 2023 तक उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक रायगढ़ में दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है।

## बढ़ती डीजल चोरी पर रोक नहीं लगने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**कोरबा** । बीएमएस के महामंत्री अशोक कुमार सूर्यवंशी ने एसईसीएल कुसमुंडा एरिया के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर खदान में बढ़ती डीजल चोरी पर रोक नहीं लगने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

खदान की सुरक्षा में तैनात त्रिपुरा राइफल्स जवानों के डंपर ऑपरेटरों व भारी भरकम मशीनों के ऑपरेटरों से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उन सबकी कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। बीएमएस के महामंत्री सूर्यवंशी ने कुसमुंडा खदान की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर डीजल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया है कि खदान में डीजल चोरों के घुसने पर कर्मचारियों से भी अभद्र व्यवहार व मारपीट करते हैं।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में दूर-दूर से आये लोगों की सुनी समस्याएं

कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन के माध्यम से त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्टर कार्यलाय में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर दराज के गांवों से आये लोगों की समस्याएं सुनी। आज जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में मालखरौदा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़े सीपत निवासी प्रणत पाल दास बैरागी ने अपने घर के सामने पानी निकासी व्यवस्था की समस्या का आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास पानी का जमावड़ा हो जा रहा है जिस कारण मुझे बहुत परेशानियों का सामना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन के माध्यम से इस संबंध में जानकारी लेने हेतु निर्देश दिए एवं जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिये। इसी




जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए

प्रकार जैजैपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलादुला निवासी ने नहर निर्माण में अर्जित भूमि की मुआवजा राशि दिलाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे हुए थे। जहां उन्होंने बताया कि खरवानी सब माइनर नहर निर्माण हेतु अर्जित की गई है जिसकी मुआवजा हेतु आवेदन पत्र दिए जाने पर मौका जांचकर प्रतिवेदन पूर्ण कर भेजा जा चुका है। लेकीन अभी तक मुआवजा नहीं मिला है जिसकी मुआवजा राशि के संबंध में आज जनदर्शन में आवदेन लेकर पहुंचे, जिस पर कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार आज जनदर्शन में जैजैपुर तहसील के ग्राम पंचायत खम्हरिया सरपंच ने सड़क मरम्मत कराने के सम्बंध में, सक्ती तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत केरीबंधा निवासी सालिकराम बरेठ ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, सक्ती विकासखंड के ग्राम पंचायत पासीद निवासी अनूपराम ने ऋण पुस्तिका दिलाने के संबंध मेंए सक्ती विकासखंड के ग्राम सकरेली कला निवासी भूपेन्द्र पटेल ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने सहित अन्य विभिन्न ग्रामीणों द्वारा राजस्व, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय, पेंशन भुगतान,मजदूरी भुगतान, मुआवजा, भूमि विवाद, राशन कार्ड, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागो को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जाता है।

# खेलगांव नवागांव के कबड्डी खिलाड़ी विमल निर्मलकर नवीन क्रीड़ा परिसर बिलासपुर के लिए चयनित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

कोटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतनपुर से 10 किलोमीटर दूर ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगाँव नवागाँव के कबड्डी खिलाड़ी विमल निर्मलकर का चयन नवीन क्रीड़ा परिसर बिलासपुर के लिए चयन हुआ है इस संबंध में जानकारी देते हुए ओमकार स्पोर्ट्स क्लब के एन आई एस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के योजना के तहत बिलासपुर में संचालित नवीन पिछड़ा वर्ग क्रीड़ा परिसर साइंस कॉलेज के सामने सीपत रोड






बिलासपुर में आवासीय क्रीड़ा परिसर के लिए ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब के कबड्डी खिलाड़ी विमल निर्मलकर का चयन किया गया विमल सुबह शाम पानी टंकी खेल मैदान में अभ्यास करते हैं इनका चयन कबड्डी खेल में किया गया है 12 जुलाई को स्व. बी आर यादव खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में आयोजित बैटरी टेस्ट हुआ जिसमें 400 मीटर दौड़, ब्राड जम्प, सटल रन, सीट एंड रिच इस तरह से 10 प्रकार के बैटरी टेस्ट में पास होने पर विमल का चयन किया गया है इस टेस्ट के लिए पूरे छत्तीसगढ़ से खिलाड़ी आये थे पिछड़ा वर्ग नवीन क्रीड़ा परिसर में कबडडी के साथ साथ एथलेटिक्स, स्विमिंग व हाकी का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा सभी चयनित खिलाड़ियों को शासन के योजना के अंतर्गत फ्री में पढ़ाई करने के लिए स्कूल व रहने खाने का व्यवस्था दिया जाएगा इनके चयन होने पर खेलगांव के सीनियर खिलाड़ी गोपाल सिंह श्याम, शिक्षक गोविंदा जायसवाल, छ.ग. पुलिस संजय मरावी, सी.ए.एफ . प्रकाश जायसवाल,जेल प्रहरी हेमराज, सी ए एफ अश्वनी राज, सी ए एफ अजय श्याम, सी ए एफ ए विक्की जायसवाल, विकास जायसवाल, अजित श्याम, गणेश साहू, कमल निर्मलकर, अनिल श्रीवास, सुनील श्रीवास, साहिल जायसवाल, दिनेश बांड, टिल्लू श्याम, दीपक साहू, सूरज, गोपी कैवर्त आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# प्रदेश के हाजियों का काबा.ए.खाना से वापसी शुरू

रतनपुर के हाजियों की वापसी पर मुस्लिम समुदाय ने गुलपोशी इस्तकबाल किया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

हज के लिए मक्का.मदीना खाना.ए.काबा से प्रदेश से गए हाजियों की वापसी शुरू हो चुकी है। हज-यात्रियों का दूसरा जत्था फ्लाईनास की फ्लाइट नंबर एक्सव्हीई 7610 से दोपहर 4 बजे नागपुर.इंटरनेशनल.एयरपोर्ट पहुंचा 295.हज.यात्रियों के दूसरे जत्थे में 145.पुरुष एवं 150.महिला हज यात्री शामिल रहे। छत्तीसगढ़.राज्य.हज कमेटी के मौजूदा चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि छत्तीसगढ़ से हज.यात्रा पर गए हाजियों का दूसरा जत्था.फ्लाईनास की फ्लाइट नंबर एक्स व्हीई.7610 से दोपहर 4 बजे नागपुर.इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा 295.हज.यात्रियों के जत्थे में हाजियों की वापसी पर एयरपोर्ट में लगेज उपरांत प्रत्येक महिला.पुरूष हज.यात्री को 05.





लीटर आबे.जमजम उपलब्ध कराया गया छत्तीसगढ़ राज्य.हज.कमेटी द्वारा हाजियों के सकुशल वापसी पर एयरपोर्ट में हाजियों का गुलपोशी.इस्तकबाल किया गया सभी हाजियों ने राज्य.हज.कमेटी की बेहतर व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।रतनपुर से हज के लिए गए हाजियों में हाजी हबीब अलीए हाजी कमरून बी, हाजी रमजान खान, हाजी हलीमा.बी हाजी जुम्मन ख, हाजी नवाब खान का हजरत मुशेखान.रहमुतल्लाह सरकार की सरजमीं रतनपुर में पहुचते ही सभी हाजियों का मुस्लिम समुदाय द्वारा गुलपोशी.से इस्तकबाल किया गया।

# परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को वृक्षारोपण एवं उसके संरक्षण के प्रति किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

शहर के नारायण सागर रोड में स्थित प्रतिष्ठित परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित विद्यालय परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ति में समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन की उपस्थिति में सावन के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में ग्रीन डे वृक्षारोपण मनाया गया।




इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त छात्र छात्राओं को वृक्षारोपण की कला सिखाई गई एवं वृक्षारोपण के फायदे बताए गए, साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को अपने आसपास खाली जगह में कम से कम एक फलदार एवं छायादार एक वृक्ष लगाने एवं उसका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम जैसे कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 वीं के छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न विषय पर चित्रकारी प्रतियोगिता, कक्षा छठवीं से दसवीं के छात्र-छात्राओं के मध्य अलग-अलग विषय पर निबंध प्रतियोगिता पर्यावरण संरक्षण का महत्व एवं वृक्षा रोपण के लाभ एवं महत्व, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा लगे गए विभिन्न प्रकार के पौधों को विद्यालय परिसर में लगाया गया। इस अवसर पर शिक्षक जीवेन्द्र जायसवाल ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। पेड़ों के द्वारा हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है और जितनी भी कार्बन डॉइऑक्साइड होती है। वह पेड़.पौधे अवशोषित कर लेते हैं, जिसकी वजह से हम स्वच्छ वातावरण में रहते हैं हमें शुद्ध हवा मिलती है और जितने अधिक से अधिक पेड़ लगाया जाये उतना ही हमें शुद्ध वातावरण मिलेगा। पेड़.पौधों सभी प्रकार की विशैली गैसों को अवशोषित कर लेता है। विद्यालय प्राचार्य एम विकास देवांगन ने वृक्षारोपण से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि जितने अधिक वृक्ष लगाए जाएंगे वह बड़े होकर फलते फूलते हैं। उसके पश्चात यह सुंदर वनों में बदल जाते हैं, जिसकी वजह से चारों तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है, पेड़ों के जितने भी भाग होते हैं, वह सभी काम में आते हैंए चाहे वह पत्ते हो, फूल हो या जड़ सभी से कुछ ना कुछ हमें लाभ मिलता है, कई पेड़ पौधों से तो अनेक प्रकार की औषधियां बनाई जाती है। जिनसे अनेक प्रकार की बीमारियां तक दूर हो जाती हैए हम सभी को अपने जीवन काल में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करते रहना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं रंजीता यादव, सविता यादव, निकहत खान, गरिमा यादव, लक्ष्मी प्रधान, तारा देवांगन, दीक्षा देवांगन, बीना चौबे, हितेष यादव,संदीप देवांगन, जीवेंद्र जायसवाल, साजदा खान, रामा साहू, शारदा नामदेव, रेखा बरेठ, लक्ष्मी देवांगन, उषा देवांगन, रुचि छाबड़ा, नेहा कथूरिया, आशा चौहान, विनीता निषाद, भुनेश्वरी बरेठ, स्वेच्छा रावत, गौरव यादव, सूरज सोनी, दीपक वैष्णव, प्रियंका यादव एवं कर्मचारी रमा विश्वकर्मा, मंजू यादव और विनोदनी सोनी का विशेष योगदान रहा।

रोजगार मेला सप्ताह : तीसरे दिन 50 युवाओं को मिला जॉब लेटर

# युवाओं के चेहरे पर दिखी खुशी, इंटरव्यू देने आये युवाओं ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना

## गैर तकनीकी क्षेत्र के विभिन्न पदों पर आज हुई भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।





रोजगार मेला सप्ताह के दौरान आज तीसरे दिन फिर से 50 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इससे पहले आयोजित रोजगार मेलो में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र के उद्योगों में नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। रोजगार प्राप्त करने के लिए इंटरव्यू देने आए युवाओं के चेहरे पर एक अलग खुशी नजर आ रही है। क्योंकि उनकी योग्यता एवं रूचि अनुसार यहां जॉब प्राप्त हो रही है। रोजगार मेले में शामिल हुए अभ्यर्थियों ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। रोजगार मेला सप्ताह स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की एक विशेष पहल है। रोजगार मेला सप्ताह के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा लगातार जिले के शिक्षित युवाओं को स्थानीय उद्योगों में अधिक से अधिक नौकरी देने के उद्देश्य के साथ कार्य किया जा रहा है। यह सिलसिला यहां यूं ही नहीं रूका जिला मुख्यालय के साथ जिले के अन्य ब्लाक में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया और वहां के युवाओं को वहीं मौके पर उनकी योग्यतानुसार विभिन्न क्षेत्र के उद्योगों में नौकरियां प्राप्त हुई। जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल से रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए 28 जुलाई 2023 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए जिले के विभिन्न कंपनियों से उनकी रिक्तियों की जानकारी लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनायी गयी। आवेदकों की सुविधा अनुसार विभिन्न श्रेणियों की जॉब में भर्ती के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित किए गए है।

विकास खंड पुसौर के ग्राम-टिनमिनी निवासी राकेश भोयर ने बताया कि वॉट्सअप ग्रुप के माध्यम से उन्हें रोजगार मेला की जानकारी मिली। वे कंप्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस अस्सिटेंट के पद के लिए इंटरव्यू देने आए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अच्छा प्रयास हैं, जिसके माध्यम से एक जगह पर कई संस्थान उपस्थित हैं। इसी प्रकार विकास खंड सरिया के लुकापारा निवासी ने बताया कि इंटरनेट एवं रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल के माध्यम से रोजगार मेले की जानकारी मिली। उन्होंने बताया की वे माइक्रो फाइनेंस से संबंधित जॉब के लिए आए हैं। इसी प्रकार सरिया के शुभम स्वर्णकार ने भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने आयोजित रोजगार मेले की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला से युवाओं को रोजगार ढूढने में मदद मिल रही हैं।

### 27 जुलाई को इन पदों पर होगी भर्ती

**रोजगार मेला सप्ताह के दौरान 27 जुलाई को गैर तकनीकी पदों पर भर्तियां की जायेंगी। रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेफ इंटेलिजेन्स भिलाई में सिक्यूरिटी गार्ड ( मेल ), सिक्युरिटी सुपरवाईजर एवं लेबर के पद शामिल है।**

## एक नजर

### लाइवलीहुड कॉलेज में ग्राफिक डिजाइनिंग, मैनेजमेंट, एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस, ग्राफिक डिजाइनिंग कोर्स का दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

* कोर्स में रुचि रखने वालों के लिए करियर बनाने का मिल रहा शानदार मौका

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवतियों-महिलाओं को रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण कोर्स के माध्यम से बेहतर करियर बनाने का अवसर प्रदान किया गया है। जिसके तहत लाइवलीहुड कॉलेज में जिला प्रशासन के सहयोग से नवगुरुकुल संस्था द्वारा ग्राफि क डिजाइनिंग, मैनेजमेंट, एजुकेशन, अकाउंट एंड फाइनेंस, ग्राफि क डिजाइनिंग के निःशुल्क रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण 18 महीने कोर्स संचालित किया जा रहा हैं। इन सभी कोर्स में रुचि रखने वाली युवतियां-महिलाएं इस में शानदार करियर बना सकते हैं। बात करे मैनेजमेंट कि तो जो मैनेजमेंट की फील्ड में दिलचस्पी रखते हैं, वो लोग यह कोर्स कर इस क्षेत्र में आगे जा सकते हैं। इसमें सभी चयनित छात्राओं को मैनेजमेंट के हर पहलू के बारे में बताया और सिखाया जायेगा। इस कोर्स को करने के बाद छात्राओं को नौकरी दिलाने में संस्था द्वारा सहयोग किया जायेगा। इस तरह कोडिंग एवं सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग कोर्स के माध्यम से भी युवा शानदार करियर बना सकते हैं। वहीं एजुकेशन कोर्स में 12वीं, यूजी पास करने किये विद्यार्थी एजुकेशन कोर्स कर सकते हैं। यहाँ संचालित सभी कोर्स की अवधि अधिकतम 18 माह से की हैं। पिछले कुछ सालों से ये कोर्स बहुत डिमांड में है। इस कोर्स को करने के बाद युवा एजुकेशन के क्षेत्र में बेहतर सेवा दे सकते हैं। इसी तरह अकाउंट एंड फाइनेंस कोर्स कर युवा अपना बेहतर करियर बना सकते हैं। वहीं ग्राफि क डिजाइनिंग में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं को इस कोर्स में कोरल ड्रॉ, फोटोशॉप, डी, क्रॉर्क जैसे कई सॉफ्टवेयर सिखाए जा रहे हैं साथ ही डिजिटल, ऑडियो-विडियो प्रॉडक्शन के अलावा ग्राफिक से जुड़ी कई टेक्निकल चीजों भी बताई जा रही हैं। इसके लिए कम से कम 12वीं पास होना जरूरी है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण की 26 जुलाई से हुई शुरुआत

31 जुलाई तक चलेगी जोन स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताएं

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।







हरेली तिहार के दिन शुरू हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दूसरे चरण जोन स्तर की शुरूआत 26 जुलाई से जिले में हुई। इसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर 1 जोन बनाया गया है। जोन स्तर की इस प्रतियोगिता का समापन 31 जुलाई को होगा। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 17 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाडियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू की गई छत्तीसगढ़िया जोन स्तर पर शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजन करवाने के निर्देश कलेक्टर सिन्हा ने सभी सीईओ जनपद को दिए। दूसरे चरण में जोन स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित छत्तीसगढिया ओलंपिक प्रतियोगिता में 08 राजीव युवा मितान क्लब क्षेत्रों का एक जोन बनाया गया है। मुकाबला नॉक आऊट पद्धति से राजीव युवा मितान क्लब के विजेता प्रतिभागी एवं दलों के मध्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं शहरी क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राजीव युवा मितान क्लब स्तर एवं जोन स्तर के समापन के बाद तीसरे चरण विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक, चौथे चरण जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 4 सितंबर तक, पांचवे चरण संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

### 16 खेलों में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो रस्सी-कस्सा और बांटी, कंचा जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में

बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

### हर आयु वर्ग के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

छत्तीसगढिया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18.40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

* 8 राजीव युवा मितान क्लब का बनाया गया एक जोन

* 16 खेलों में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी, विजेता किए जायेंगे पुरुस्कृत

### विजेता प्रतिभागियों को दिया जाएगा पुरस्कार

छत्तीसगढिया ओलंपिक में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाले विजेता खिलाड़ियों को 1000 रूपए, द्वितीय स्थान आने पर 750 रूपए एवं तीसरा स्थान आने पर 500 रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए की राशि, द्वितीय आने पर 1500 रूपए और तीसरे स्थान आने पर 1000 रूपए की राशि सहित प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर विजेता प्रतियोगियों को प्रथम आने पर 3000 रूपए, द्वितीय आने पर 2500 रूपए एवं तीसरे स्थान पाने वाले खिलाडियों को 2000 रूपए एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रूपए, द्वितीय आने पर 4500 रूपए एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाडियों को 4000 रूपए की राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

## शासकीय डी के पी उच्चतर माध्यमिक शाला कोटा हिंदी माध्यम एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत साईकिल का वितरण किया गया

जोहार छत्तीसगढ़- रतनपुर।



कोटा शासकीय डी के पी उच्चतर माध्यमिक शाला कोटा हिंदी माध्यम एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत साईकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य दीक्षित, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा कार्यक्रम के अध्यक्ष अमृता प्रदीप कौशिक, अध्यक्ष नगर पंचायत कोटा विशिष्ट अतिथि डॉ. राम अग्रवाल, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति डी के पी कोटा के द्वारा छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य विनोद गुप्ता एवं प्रदीप गुप्ता, वार्ड नंबर 3 की पार्षद गोस्वामी, पुष्पा तिवारी, दिलहरण कौशिक की गरिमामय उपस्थिति मंच पर रही। साइकिल वितरण आयोजन में प्राचार्य राकेश दिग्रसकर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सरस्वती साइकिल वितरण योजना के संबंध में जानकारी दी। साईकिल वितरण पश्चात मुख्य अतिथि आदित्य दीक्षित ने छत्तीसगढ़ सरकार की विद्यार्थियों हेतु हितकारी योजना की जानकारी बच्चों को देते हुए सरस्वती साइकिल योजना के लाभों से छात्राओं को अवगत कराया तथा आशा व्यक्ति की कि वे पढ़ाई में भी अव्वल रहेंगी दीक्षित ने कक्षा दसवीं एवं 12वीं में शाला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपनी ओर से 1100-1100 रुपए सम्मान राशि देने की घोषणा की। अतिथियों का आभार संतोष कुमार चिंचोलकर प्राचार्य हिंदी माध्यम ने किया। छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। गरिमामय मंच के करकमलों से शासकीय डी के पी उच्चतर माध्यमिक शाला कोटा के कक्षा 12वीं के उत्तीर्ण छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमाणपत्र वितरण किया गया। एनएसएस, प्रमाण पत्र का वितरण शाला में आयोजित सरस्वती साईकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य दीक्षित, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा के अध्यक्ष तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृता प्रदीप कौशिक, अध्यक्ष नगर पंचायत कोटा एवं डॉ. राम अग्रवाल की विशिष्ट आतिथ्य, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं पुष्पा तिवारी, विनोद गुप्ता, थियोडोर पीटर, दिलहरण श्रीवास प्रदीप गुप्ता तथा वार्ड नंबर 3 की पार्षद गोस्वामी सहित शाला के प्राचार्य संतोष कुमार चिंचोलकर एवं कार्यक्रम अधिकारी शिवशंकर नामदेव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पास आउट छात्र स्वयंसेवकों ने कक्षा 11 वीं के छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताते हुए उन्हें एनएसएस में शामिल होने हेतु प्रेरित किया।




## विदेश निर्यात किए जाने वाले उत्पादों के लिए डाकघर निर्यात केन्द्र का हुआ शुभारंभ

* पार्सल पैकेजिंग के साथ-साथ ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

डाक विभाग द्वारा व्यापारियों के लिए अपने द्वारा निर्मित एवं विदेश निर्यात किये जाने वाले उत्पाद के लिए डाक घर निर्यात केंद्र चरण बद्ध तरीके से हर जिला मुख्यालय में खोला जा रहा है। इसी कड़ी 30 जून 2023 को रायगढ़ जिला के अंतर्गत रायगढ़ प्रधान डाकघर में डाक घर निर्यात केंद्र प्रारंभ हो चुका है एवं जशपुरनगर जिला के अंतर्गत डाक घर निर्यात केंद्र इसी सप्ताह खोला जाना प्रस्तावित है। उक्त डाक घर निर्यात केन्द्रों में व्यापारियों को पार्सल पैकेजिंग के साथ-साथ ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें व्यापारी स्वयं का पंजीकरण आवश्यक दस्तावेजों एवं एक्सपोर्ट कोड एवं जीएसटी की जानकारी के साथ कर सकते हैं। इसके माध्यम से व्यापारी कस्टम विभाग द्वारा मांगे जाने वाली जानकारी एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध कर सकते हैं। यह सुविधा उत्पादों की कस्टम क्लीयरेंस प्रक्रिया को सरल बनाती है। सीमा शुल्क से संबंधित कोई समस्या होने पर उस मामले को ऑनलाइन सुलझाया जाता है। कारोबारी उसे ऑनलाइन देखकर उसका समाधान कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। डाक विभाग सभी व्यापारियों से जो विदेश में अपना उत्पाद भेजते हैं या भेजना चाहते हैं आग्रह किया है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठावें एवं आज ही अपने जिला मुख्यालय में स्थित डाक घर निर्यात केंद्र में संपर्क करें।




ओपी चौधरी की उपस्थिति में जनजाति वर्ग के भाजपा नेताओं ने प्रेसवार्ता कर प्रधानमंत्री को दिया साधुवाद

# 12 प्रमुख समुदायों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने का निर्णय ऐतिहासिक-सत्यानंद राठिया

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्यानंद राठिया ने 12 जनजाति समुदायों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल कर उन्हें उनके संवैधानिक अधिकार व लाभ प्रदान करने के लिए कानून बनाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के बाद से महज लिपिकीय त्रुटि के कारण पिछले 70 वर्ष से अपने संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण के लाभ से वंचित 12 जनजाति समुदायों के लोग अब अपना स्वर्णिम भविष्य गढ़ पाएंगे। श्राठिया ने कहा कि भारत के विशेषकर आदिवासी प्रदेश छत्तीसगढ़ के इतिहास में कल 25 जुलाई का दिन मील के पत्थर के रूप में याद किया जाएगा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देश के 12 प्रमुख समुदायों को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल कर लिया। कल राज्यसभा से भी यह विधेयक पारित होने के बाद अब कानून बन गया है। इससे इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रदश भाजपा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय जनजाति कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा व केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह का बार-बार अभिनंदन करती है।

### इन जातियों को मिलेगा लाभ

भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने सूची में शामिल जातियों का विवरण दिया। भारिया भूमिया के समानार्थी भूईया, भूईयाँ, भूयां, धनवार के समानार्थी धनुहार धनुवार, नगेसियाए नागासिया के समानार्थी किसान, सावर, सवरा के समानार्थी सौंरा, संवरा, धांगड़ के साथ प्रतिस्थापित करते हुए सुधार, बिंझिया, कोडाकू के साथ साथ कोड़ाकू, कोंध के साथ-साथ कोंद, भरिया, भारिया, पंडो, पण्डो, पन्डो को जनजाति वर्ग में शामिल किया गया है।

### संसद में चर्चा

ओपी चौधरी ने कहा कि कल इस संबंध में संसद में प्रस्तुत विधेयक पर हुई चर्चा में भाग लेकर विभागीय मंत्री रेणुका सिंह ने सही कहा कि आज का यह दिन न केवल छत्तीसगढ़ में निवासरत आदिवासी समुदायों के लिए, अपितु देशभर में निवासरत 700 जनजाति समुदायों के लिए ऐतिहासिक है। जिन 12 जातियों को सूची में लाने के लिए यह संशोधन प्रस्ताव लाया गया है, उनमें से 10 जातियां लिपिकीय त्रुटियों के कारण संविधान प्रदत्त अधिकारों और लाभ से आजादी के इतने वर्षों बाद भी वंचित थीं। यहां विशेष तौर विशेष तौर पर उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र कही जाने वाली विशेष पिछड़ी पण्डो जनजाति भी आजादी के 75 वर्ष बाद भी अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल नहीं किए गए थे।




### कांग्रेस सांसदों का इस महत्पूर्ण विधेयक की चर्चा में भाग न लेना दुर्भग्यजनक

भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा की छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है जहां आदिवासियों को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में भाग लेने का अधिकार प्राप्त है, लेकिन सूची से बाहर जनजाति समुदायों के लोग किसी भी तरह चुनाव में भाग नहीं ले पाते थे। अब जा कर सभी अनुसूचित जनजाति समुदायों को उनका अधिकार मिला है। इस विषय का सबसे दुर्भाग्यजनक पहलू यह है कि सदन में जब इस महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा हो रही थी तब वहां छत्तीसगढ़ कोटा से आने वाले सभी कांग्रेसी सदस्य अनुपस्थित थे। भले वोट की राजनीति के मजबूरीवश कांग्रेस सड़क पर कुछ भी कहती रहेए लेकिन जब भी ऐसे कोई विषय परिणाम तक पहुँचने वाले होते हैंए तब कांग्रेस अड़ंगा लगाती ही है। आखिर 50 से अधिक वर्षों तक इसी कांग्रेस ने इन तमाम मामलों को लटकाए भी रखा था। ऐसे मामले में जान-बूझ कर कांग्रेस के अनुपस्थित होने या वंचित वर्ग के कल्याण से संबंधित का यह कोई पहला मामला भी नहीं है। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का भी विरोध कर राज्यसभा में कांग्रेस ने उसे तब पारित नहीं होने दिया था। इसी तरह आदिवासी और पिछड़े वर्ग को दिए जाने वाले आरक्षण के विरुद्ध प्रदेश की कांग्रेस सरकार कोर्ट में अपने लोगों से मुक़दमा करा करए अपने महाधिवक्ता को कोर्ट में सुनवाई के दिन अनुपस्थित करा कर जान बूझ कर हार जाना और फिर मुकदमा करने वालों को पद देकर पुरस्कृत करना आदि निंदनीय हथकंडे हमेशा कांग्रेस अपनाती रही है। कांग्रेस को वंचित तबकों के साथ ऐसे खिलवाड़ से बाज आना चाहिए। इन तमाम हथकंडों से पार पाते हुए आदिवासी समाज ने आज एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन जाति समुदायों के छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल होने के बाद इन्हें शासन की अनुसूचित जनजातियों के लिये संचालित योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा। छात्रवृत्ति, रियायती ऋ ण, अनुसूचित जनजातियों के बालक-बालिकाओं के छात्रावास की सुविधा के साथ शासकीय सेवा और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

# कारगिल विजय दिवस पर मेरी माटी मेरा देश की थीम पर ठाकुर शोभा सिंह कालेज में कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीही।




ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश,वसुधा का संवर्धन, वीरों का अभिनन्दन एकी थीम पर धूम.-धाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि सत्र 2023 में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश भर में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भारत शासन ने कई कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं जनहित के मुद्दे को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सरकारी संस्थाओं में किये जा रहे है। इसी क्रम में महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस एवं मेरी माटी मेरा देश की थीम पर पर्यावरण की संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम संस्था की एनसीसी यूनिट्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम रखा गया। कार्यकम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य डॉ. बीके राय के द्वारा छत्तीसगढ़ की महतारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक स्वामी विवेकानंद, एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्पित एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-छात्राएं स्वागत गीत, एवं देशभक्ति गीत के माध्यम से कारगिल युद्ध एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में शहीद हुए जांबाज सेनानियों को श्रद्धांजलि दी तथा देश की एकता और अखण्डता को अक्षुण बनाये रखने के लिए संकल्प लिये। संस्था के प्राचार्य डॉ.राय ने अपने उद्बोधन में कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि जब भी देश की एकता एवं अखंडता को तोड़ने के कोई कुत्सित प्रयास हो तब सभी देशवासियों को एक हो जाना चाहिए। उद्बोधन के क्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.आरएस कान्त ने सभी छात्र-छात्राओं को देश की सुरक्षा में प्रमुख योगदान देने वाले जांबाज सैनिकों के पदचिन्हों में चलकर देश की सेवा करने के लिए सदैव तैयार रहने हेतु प्रेरित किये। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. टीआर पाटले ने देश भक्ति एवं आजस्वी भाव से युक्त श्लोगन के साथ कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में क्रीड़ा प्रभारी प्रो. जेके भगत द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। मंचीय कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा लाए गए पौधों का रोपण करके पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आई क्यू.सी प्रभारी प्रो.अनुपमा प्रधान, एनसीसी के प्रभारी संजय बघेल, अतिथि शिक्षक नीलम मण्डावी,छबिल चन्द्रवंशी, बसंत यादव, सुश्री पूनम चौहान, गीतांजली प्रधान, सुवल्या प्रधान, हूमी सिंह, सुनिल यादव एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।






# कंजक्टीवाइटिस आंखों का संक्रमक बीमारी

## जांच एवं उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जशपुर में संयुक्त प्रयास एवं निर्देशानुसार समान्यतः वर्षा के मौसम में फैलने वाली आंखों की बीमारी जिसे कंजक्टीवाइटिस कहते है गांव में इसे आंख आना या गुलाबी आंख कहते है इसके मुख्य लक्षण खुजली के साथ-साथ आंख में कीचड़ आता है, आंसू का बहना एवं आंख में चूभन होती है तथा आंख में सूजन एवं साथ में बुखार भी आता है।

कंजक्टीवाइटिस अधिकतर बच्चों में होने वाली बीमारी है क्यों कि बच्चे खलेते वक्त दूसरों को संक्रमित करते है। बड़े व्यक्ति इससे कम प्रभावित होते है।

### बचाव एवं रोकथाम

ऐसे बच्चों को स्कूल एवं हॉस्टल से दो या तीन दिन की छुट्टी दे देना चाहिए क्यों कि बैक्टीरीयल इंनफेक्शन दो या तीन दिनों में कम अथवा खत्म हो जाते है। संक्रमित व्यक्ति के समान एवं कपड़ों का इस्तेमाल न करें। अपने हाथों को साफ रखें एवं हाथ के स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे। संक्रमित व्यक्ति को काला चश्मा जरूर पहनना चाहिए।

### उपचार

इस बीमारी के बचाव हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर नेत्र रोग विशेषज्ञ से निःशुल्क परामर्श एवं दवाई प्राप्त कर सकते है। तीन दिनों में आराम नहीं मिलने पर किसी अन्य बीमारी की संभावना हो सकती है। अतः ऐसे में नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास दिखाना उचित होता है। अन्यथा गंभीर स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके जांच एवं उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय एवं सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंखों की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति अन्य किसी व्यक्तियों को तब ही संक्रमित कर सकता है जब वह पीड़ित व्यक्ति आंखों में हाथ लगाने के बाद किसी से हाथ मिलाते है और पीड़ित व्यक्ति से हाथ मिलाने वाला उसी हाथ को अपनी आंखों में लगाते हैं। साथ ही पीड़ित व्यक्ति के रूमाल, टॉवल, उपयोग की गई चादर का इस्तेमाल करने सभी संक्रमण फैलता है। पीड़ित व्यक्ति की आंखों में घूरकर देखने या करीब से गुजरने या साथ बैठने से आंखों की बीमारी बिल्कुल नहीं फैलता है।



# अंधेर में ताला तोड़ कर समान चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



भैयाथान निवासी अजय दुबे ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जुलाई के रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में रखे सामान की चोरी कर लिए है। रिपोर्ट पर धारा 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाना झिलमिली पुलिस को अज्ञात चोर की पतासाजी दौरान मुखबीर की सूचना पर राजेश तिवारी पिता शिवनारायण तिवारी उम्र 34 वर्ष ग्राम पासल व शैलेन्द्र तिवारी उर्फ ठुररू पिता स्व.विरेन्द्र तिवारी उम्र 34 वर्ष निवासी भैयाथान को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी किए गए 1 नग टीव्ही व 1 नग रिसीवर को सत्यनारायण उर्फ लिलीपुट पिता आगर साय निवासी ग्राम पासल को बिक्री किए है जिसके बाद दबिश देकर सत्यनारायण को पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का टीव्ही व रिसीवर जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली राजेन्द्र साहू, एएसआई ललित तिर्की, प्रधान आरक्षक सुखनंदन सिंह, हेमंत सोनवानी, आरक्षक राकेश सिंह, हेमन्त सिंह, चंद्रदेव मरावी, रामा कुमार, नोविन लकड़ा व भीमेश सिंह आर्मो सक्रिय रहे।

# लम्पी त्वचा रोग के संक्रमण के रोकथाम के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



पशु चिकित्सा सेवायें के उप संचालक डॉ. ए.के. मरकाम ने समस्त पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को लम्पी त्वचा रोग के संक्रमण के रोकथाम के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि जशपुर जिले के पड़ोसी जिलों एवं पड़ोसी राज्यों से लम्पी त्वचा रोग के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए इस बीमारी के रोकथाम के लिए अन्य जिला एवं राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में परिवहन किये जाने वाले मवेशियों की सतत् निगरानी रखें एवं किसी भी प्रकार के संक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर आवश्यक औषधि के साथ त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिले एवं राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामों में लगातार शिविर आयोजित कर क्षेत्र के पशुओं में डिटीकिंग एवं लम्पी रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण कराना भी सुनिश्चित करें। पशु चिकित्सा सेवायें के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि लम्पी त्वचा रोग मवेशियों में विषाणु जनित रोग है जिसका संक्रमण तेजी से फैलता है। संक्रमित होने की दशा में मवेशियों के शरीर में छोटे-छोटे गठान उभरने लगते हैं। जिसका तत्कालिक उपचार होने पर दो से तीन दिनों में नियंत्रित किया जा सकता है। विलंब होने पर एवं उपचार नहीं होने की स्थिति में गठान बढ़ करके घाव का रूप ले लेता है। जिससे मवेशी कमजोर हो जाते हैं। उपचार नहीं होने पर मृत्यु होने की भी संभावना बनी रहती है। पशुधन विकास विभाग द्वारा इस रोग के नियंत्रण व बचाव के लिए लगातार टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। विशेष तौर पर राज्य एवं जिले के सीमावर्ती क्षेत्र लोदाम, पत्थलगांव, लवाकेरा फरसाबहार में विशेष निगरानी रखी जा रही है। समस्त पशुपालकों से अपील किया गया है कि अपने पशुओं को स्वस्थ्य पशुओं से अलग र ख क र संक्रमित पुशओं की सूचना पशु चिकित्सालय में देकर ईलाज आ व श्य क करावें एवं बचाव के लिए स्वास्थ्य पशुओं का टीकाकरण करावें। इसी क ड़ ी प त्थ ल गां व विकासखण्ड के पशु चिकित्सालय तमता में कैंप लगाकर प्रत्येक घरों में जाकर सर्वे किया जा रहा है। तमता चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ प्रभारी डॉ. प्रीति एक्का ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक सर्वे में 2 गाय व बैल में लक्षण पाए गए हैं, जिसे आइसोलेशन में रखकर उपचार किया जा रहा है। ब्लड टेस्ट, स्किन स्क्रैपिंग और लैब टेस्ट के भी लिया गया है। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन पशुओं का ईलाज नियमित किया जा रहा है। कही और संक्रमण की जानकारी नहीं है।



# जिले के समस्त विकाखण्डों में 27 जुलाई से 4 अगस्त तक चलाया जाएगा सर्पदंश जन जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

*** शासकीय कर्मचारी, जन प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रमुख, सामाजिक कार्यकर्ताओं को सर्पदंश के बारे में दी जाएगी विस्तृत जानकारी**

सर्पदंश जन जागरूकता अभियान जिले के समस्त विकास खंडों में चलाया जाएगा। जिस के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्पदंश प्रशिक्षण कार्ययोजना तैयार किया गया है। कार्ययोजना अनुसार विकासखण्ड फरसाबहार में 27 एवं 29 जुलाई को, दुलदुला एवं कुनकुरी विकासखंड में 26 जुलाई को, बगीचा विकासखण्ड में 31 जुलाई एवं 4 अगस्त को, जशपुर विकासखण्ड में 2 अगस्त को, मनोरा विकासखंड में 5एवं 8 अगस्त को, कांसाबेल में 3 अगस्त को, पत्थलगांव में 1 एवं 3 अगस्त को सरपंच, सुपरवाईजर, डब्ल्यूसीडी, मितानिन, एमटी, बीसी, सुपरवाइजर स्वास्थ्य, सी.एच.ओ., ए.एन.एम. बैगा-गुनिया, गांव प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सर्पदंश जन जागरूकता अभियान में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों की नियत तिथि पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि शासकीय कर्मचारी, जन प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रमुख सामाजिक, कार्यकर्ताओं को सर्प के संबंध में जानकारी सर्पदंश के बचने के उपाय एवं सर्पदंश होने पर ईलाज इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय किया जाएगा। इस हेतु स्वास्थ्य अधिकारी ने जशपुर विकासखंड के प्राथमिक शाला तेतरटोली के सहायक शिक्षक कैसर हुसैन को सर्पदंश प्रशिक्षण कार्ययोजना के समय-सारणी अनुसार विकासखंड स्तर पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण देने के लिए कहा है।

# जिले के 6 खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुए लखनऊ रवाना

## प्रदेश के 20 खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में होंगे शामिल



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

ताइक्वांडो खेल में जशपुर जिले के खिलाड़ी लगातार जिले का नाम राज्य सहित पूरे देश में रोशन कर रहे है। इस कड़ी में आज जशपुर के एकलव्य खेल अकादमी के ताईक्वांडो विधा के 4 खिलाडी करण राम, अर्जुन राम, अजय चौहान, राकेश राम व संत पॉल्स इंग्लिश मीडियम बगिमा की इशिका लकड़ा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के युवराज कुमार अपने कोच नंदलाल यादव के साथ लखनऊ, उत्तरप्रदेश के लिए रवाना हुए है। प्रशिक्षक नंदलाल यादव ने बताया की सभी खिलाडी 28 से 30 जुलाई 2023 तक आयोजित 6वीं कैडेट नेशनल चौंपियनशिप 2023 में समिलित होंगे। यह चयनित खिलाड़ी रायगढ़ जिले में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लाते हुए राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान बनाया है। उन्होंने बताया की पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित खिलाड़ियों को भारतीय ताईक्वांडो संघ के सयुक्त सचिव व छत्तीसगढ़ ताईक्वांडो संघ के महासचिव अनिल दिवेदी के नेतृत्व में सम्मिलित किया जा रहा है। दिवेदी ने बताया की प्रदेश भर के 20 खिलाडी 6वीं कैडेट नेशनल प्रतियोगिता मे हिस्सा लेंगे। इस दौरान सभी चयनित खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता व जिला खेल अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह ने बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीएसओ स्कूल शिक्षा प्रेम सिदार, अकादमी अधीक्षक सुनील निराला, तीरंदाजी प्रशिक्षक राजेंद्र देवांगन और तैराकी प्रशिक्षक गजेंद्र साहू उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 जुलाई तक अपनी फसलों का करा सकते बीमा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2023 में कृषकों को बीमा आवरण में शामिल होने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 है। प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना के तहत खरीफ फ सल हेतु सिंचित व असिंचित धान, मक्का, अरहर, मूंग, मूंगफ ली, कोदो, कुटकी, अरहर, तुअर, फसल का बीमा कराया जा रहा है। इन फ सलों का ओलावृष्टि, बेमौसम बारिश, भूस्खलन, जल भराव, बादल फ टने, आकाशीय बिजली जैसे प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फ सलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा का लाभ दिया जाएगा। उपसंचालक कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त योजना के तहत ऋणी कृषक तथा गैर ऋ णी कृषक, भूधारक व बटाईदार शामिल हो सकते है। साथ ही जिले के ऐसे कृषक जिन्होंने खरीफ वर्ष 2023 फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋ ण की सीमा कृषकों के आवेदन-प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि या उसके पूर्व स्वीकृत नवीनीकृत की गई हो। वे अनिवार्य आधार पर योजना में शामिल होंगे। ऐसे किसानों को एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फ सल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थानों से कृषि ऋ ण स्वीकृत होने की स्थिति में एक ही वित्तीय संस्थान से बीमा करवाना होगा एवं इसकी सूचना संबंधित बैंक को देनी होगी। इसी प्रकार गैर ऋ णी कृषक जो स्वैच्छिक आधार पर अधिसूचित फ सल उगाते हैं। अथवा योजना में शामिल होने को इच्छुक हों, वे सभी क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित क्षेत्र बुआई पुष्टि प्रमाणपत्र तथा अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में सम्मिलित हो सकते है। ऐसे किसान को सुनिश्चित करना होगा कि उसे कृषि योग्य भूमि पर कृषि किये जाने के लिए प्रस्तावित अधिसूचित फसल हेतु एकल स्त्रोत से ही बीमा आच्छादन प्राप्त कर रहे है। उन्हें एक ही रकबे हेतु एक से अधिक बार बीमा कराने की अनुमति नहीं होगी। एक ही रकबा का दुगुना बीमा करने की स्थिति में बीमा कंपनी के पास ऐसे सभी आवेदनों को निरस्त करने का अधिकार होगा। साथ ही ऐसे कृषकों का प्रीमियम वापस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना क्रियान्वयन हेतु एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड, चयनित बीमा कम्पनी है। कंपनी के जोखिमों की आच्छादन एवं अपर्वजन प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना की संशोधित मार्गदर्शिका में वर्णित सभी प्रकार के जोखिम के लिए बीमा आवरण उपलब्ध होगा। जिसके अंतर्गत बाधित बोआई अथवा रोपण जोखिम में बीमाकृत क्षेत्र में कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण बोआई, रोपण या अंकुरण न होने से हुई नुकसान से सुरक्षा प्रदान करेगा। इसी प्रकार स्थानीयकृत आपदाएं के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र में फ सल को प्रभावित करने वाली ओलावृष्टि, जल भराव, धान फ सल को छोड़कर बादल का फ टना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली से व्यक्तिगत आधार पर अभिचिन्हित स्थानीयकृत जोखिमों से होने वाले क्षति से सुरक्षा प्रदान करेगा। फ सल कटाई के उपरांत सुखाने अथवा छोटे बंडलों में बांध कर रखे हुए फसल को अधिकतम दो सप्ताह तक चक्रवात, चक्रवातीय वर्षा एवं बेमौसमी वर्षा से होने वाले क्षति से सुरक्षा प्रदान करेगा। युद्ध, नाभिकीय जोखिमों से होने वाली हानियों, दुर्भावना-जनित क्षतियों और अन्य निवारणीय जोखिमों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। खरीफ फसल के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। मक्का के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 32 हजार और किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 640 रूपये है। इसी प्रकार धान असिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 41 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 820 रूपये, धान सिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 58 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 1160 रूपये, उड़द के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 20 हजार व देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 400 रूपये, अरहर के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 35 हजार रुपए देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 700 रूपये एवं मूंगफ ली के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 40 हजार व देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 800 रूपये निर्धारित है। योजनांतर्गत ऋ णी कृषक अनिवार्य रूप से एवं अऋ णी कृषक ऐच्छिक रूप से लाभ ले सकते हैं। पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 नियत है। पंजीयन हेतु कृषक बी-वन खसरा, वन पट्टा, ऋ ण पुस्तिका की छायाप्रति, आवेदन पत्र, बैंक पास बुक, आधार कार्ड की छायाप्रति, बोवाई प्रमाण पत्र, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी/पटवारी द्वारा प्रमाणित जैसे अनिवार्य दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी बैंक शाखा, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, बीमा कंपनी या पोस्ट ऑफि स के माध्यम से अपनी फ सलों का बीमा करवा सकते हैं। किसान अधिक जानकारी हेतु विकासखण्डों में संचालित कृषि कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।

# फर्जी तरीके से विधायक मद की राशि का अग्रिम भुगतान, कंजिया राज्य विद्या केंद्र भवन मामलें में जांच टीम गठित, निर्माण स्थल का किया निरिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़- कुसमी।






बलरामपुर जिला के जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत कंजिया में राज विद्या केंद्र के सदस्यों ने आपसी जनसहयोग कर वर्ष 2020 में प्रारम्भ की गई पूर्व के भवन को विधायक मद से आठ लाख की राशि स्वीकृति करा कर विधायक प्रतिनिधि व मंडी अध्यक्ष पर छल पूर्वक अग्रिम राशि आहरण किए जाने सम्बंधित आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग कलेक्टर बलरामपुर से की थी। मामलें में जांच टीम गठित कर प्रक्रिया शुरू की गई हैं। उल्लेखनीय हैं की जांच के लिए तीन सदस्यों की गठित टीम में जांच दल के अध्यक्ष प्रभारी सीईओ कुसमी अभिषेक पाण्डेय हैं तथा सदस्य शंकरगढ़ आरईएस शाखा के प्रभारी एसडीओ जानू राम सोनवानी व वरिष्ठ करारोपण अधिकारी कुसमी महेश बुनकर शामिल हैं। इस मामलें में सर्वप्रथम सोमवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत कुसमी प्रभारी सीईओ अभिषेक पाण्डेय सहित जाच टीम ने निर्माण स्थल पर जाकर मौके पर निरिक्षण किया,

## जल्द होगी, दोषियों पर कार्यवाही

सोमवार को पहुंचे जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ ने राज विद्या केंद्र के लोगों से बुधवार को जांच के लिए ब्यान लिए जाने की बात कही थीं। जांच टीम के द्वारा बुधवार को भी राज विद्या केंद्र के लोगों का ब्यान नहीं लिया जा सका। बुधवार को मामलें में प्रभारी सीईओ कुसमी सह पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक पाण्डेय ने कहा जांच टीम जिले से गठित हुई हैं, जिसमे तीन सदस्य शामिल हैं। जांच प्रक्रियाधीन हैं, सोमवार को निर्माण स्थल जाने के सवाल पर उन्होंने कहा निरिक्षण के लिए गए थे।

## क्या हैं पूरा मामला

जनपद पंचायत कुसमी के ग्राम पंचायत कंजिया, राज विद्या केंद्र के बगल में सामुदायिक भवन निर्माण किए जाने के मामलें में विधायक प्रतिनिधि राशिद आलम व मंडी अध्यक्ष कुसमी बालेश्वर राम पर फर्जीवाडा का आरोप लगाकर फर्जी तरीके से सांठ-गांठ कर छल पूर्वक अग्रिम राशि निकालने के सन्दर्भ में उक्त केंद्र के सदस्यों ने सर्वप्रथम 21 जून 2023 को बलरामपुर कलेक्टर को प्रतिवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थीं। इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री बलरामपुर, पंचायत मंत्री, जिला सीईओ, एसडीएम कुसमी को भी दी थीं। इस ओर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने पर 19 जुलाई 2023 को कमिश्नर सरगुजा संभाग व पुनः कलेक्टर बलरामपुर को कुसमी एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन देकर अवगत कराया था उक्त मामलें में कार्यवाही नहीं की जाती हैं तो सभी एसडीएम कार्यालय कुसमी का घेराव करेंगे तथा उग्र आंदोलन की जावेगी। इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुवें बलरामपुर कलेक्टर ने जांच टीम गठित की हैं। तथा एक निश्चित समयावधी में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने का आदेश जारी किया हैं।

## चुनाव आयोग को संज्ञान लेने की जरुरत

*इस मामलें को लेकर लोगों के बिच चर्चा हैं की वर्तमान में कुसमी ब्लॉक के कई मामलें में भ्रष्टाचार का खुलासा होना शेष है। कई विभागों में अंगद के पांव की तरह अधिकारी और कर्मचारी गिद्ध मारकर बैठे हुए हैं जो कहीं न कहीं आगामी चुनाव का लाभ दिलाने के लिए व्यक्तिगत रूप से कार्य कर रहे हैं। जिन्हें जिले के बाहर अनयंत्र हटाकर चुनावी साल में स्थानीय जनप्रतिनिधी या प्रतिनिधी से जुड़े मामले में तथा विधायक व सांसद मद से स्वीकृति मिले कार्यों के मामलें में निष्पक्ष त्वरित जांच व कार्यवाही हो सके इसके लिए लंम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे कुसमी ब्लॉक के अधिकारीयों की गोपनीय सूची तैयार कर त्वरित हटाया जाना जरुरी हैं। इससे लोकतंत्र का विश्वास स्थिर रहेगा।*

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में निकाली गई जागरूकता रैली




जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के निर्देशन में जिला नोडल स्वीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में मनोज खांडे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय मे साप्ताहिक गतिविधि अन्तर्गत रैली निकालकर मताधिकार के संबंध में जानकारी दी गई। मतदाताओं को बताया गया कि लोकतंत्र के निर्माण में एक-एक वोट का महत्व है। मतदाताओं को अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदाता जागरूकता अभियान में कॉलेज की छात्राएं एवं शिक्षकगण शामिल हुए। सभी ने अच्छे मतदाता बनने का संकल्प लिया।

# ग्रामीणों की समस्याएं दूर करने राजस्व विभाग लगाएगा शिविर

### तहसीलवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़।




कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए जिले में राजस्व शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में तहसीलवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व शिविर में नामांतरण, बंटवारा, आरबीसी 6-4, ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति, रिकॉर्ड दुरुस्ती, नक्शा बंटाकन, सीमांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों एवं आवेदनों का समुचित निराकरण हेतु तहसीलदारों को अपने मातहत अमलों के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सारंगढ़ अनुविभाग के सारंगढ़ तहसीलदार सुश्री नेत्रप्रभा सिदार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार बरमकेला तहसील के तहसीलदार शनि पैकरा, सरिया तहसीलदार अनुज पटेल को संबंधित तहसील का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत बिलाईगढ़ तहसीलदार नमिता मारकोले और भटगांव तहसीलदार करुणा आहेर को उनकी तहसील का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेश में अपर कलेक्टर ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित पंचायत सचिव को राजस्व शिविर में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने और इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## नवागढ़ पुलिस की कार्यवाही,आबकारी एक्ट के प्रकरण में 54 पौवा देशी प्लेन मसाला शराब जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 25 जुलाई 2023 को थाना बेमेतरा एवं नवागढ में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करना एवं ले जाने का 03 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपियों विरूद्ध धारा 34,1, आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। 54 पौवा देशी प्लेनध्मसाला शराब कीमती 4,820 रूपये एवं बिक्री रकम 950 रूपये कुल 5,770 रूपये जप्त कर कार्यावाही किया गया हैं। घटना स्थल ग्राम मोहतरा एवं सोसयटी के पास नवागढ़ व मुरता रोड नवागढ़। धनीराम बघेल पिता रामचरण बघेल उम्र 53 साल निवासी सोनपुरी थाना चंदनू जिला बेमेतरा, केहर यादव पिता राजेश यादव उम्र 19 साल निवासी झांकी थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा। खुमेन्द्र जायसवाल पिता बुधारू उम्र 34 साल निवासी वार्ड नं. 11 नयापारा भाठापारा जिला बलौदाबाजार। उपरोक्त कार्यवाही थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक पंकज सिंह, ओमप्रकाश मनहरे एवं अन्य थाना स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

# सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु घुमन्तु पशुओं में लगाया गया रेडियम बेल्ट

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।





राज्य शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग में घुमन्तु पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु कार्यवाही की गई। इससे पहले जिले के कोरबा व पाली क्षेत्र में राजमार्गों में रेडियम बेल्ट लगाया गया। इसी क्रम में 25 जुलाई को चांपा-कोरबा राजमार्ग पर उरगा में 25 पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाया गया है। इस कार्य में पशु चिकित्सालय भैसमा प्रभारी डॉ. सतीश राठौर के नेतृत्व में ईश्वर श्रीवास परिचारक एवं क्षेत्र के पशुधन मित्रों का सहयोग रहा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. एस.पी. सिंह द्वारा पशुपालकों से अपील की गई है, कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में विभाग का सहयोग करें, अपने पशुओं को सड़कों पर ना छोड़े, रेडियम बेल्ट लगाने में सहयोग करें, लगे रेडियम बेल्टए स्टीकर को ना छेड़ें।

## एक नजर

### स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट मे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

* इच्छुक आवेदक 8 अगस्त तक कर सकते आवेदन प्रस्तुत

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा संचालित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन रायपुर मे होटल मैनेजमेंट मे डिप्लोमा कोर्स डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेजेस सर्विसेस तथा डिप्लोमा इन हाउस किपिंग ऑपरेशन्स तथा डिग्री कोर्स बीएससी हॉस्पिटैलिटी एण्ड होटल एडमिनिस्ट्रेशन हेतु कोरबा जिले के 15 मेधावी छात्रों का चयन किया जाना है। प्राचार्य लाईवलीहुड कॉलेज से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त संस्थान में डिग्री-डिप्लोमा कोर्स की पूर्ण अवधि हेतु छात्रों के शिक्षण शुल्क एवं हॉस्टल तथा मेस शुल्क का वहन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु सीटों की संख्या सीमित है, इस हेतु अधिक छात्र होने पर मेरिट के अनुसार छात्रों का चयन किया जाएगा। कोर्स में शामिल होने हेतु इच्छुक आवेदक 8 अगस्त 2023 तक लाईवलीहुड कॉलेज, आईटीआई रामपुर परिसर कोरबा में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना हेतु संभाग स्तरीय कार्यशाला 28 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनान्तर्गत, पी.एम.एफ.एम.ई. की संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 28 जुलाई 2023 को बिलासपुर के मोटल बिलासपुर सिटी, नया बस स्टैण्ड के पास तिफरा में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यशाला में जिले के समस्त खाद्य प्रसंस्करण में कार्यरत इकाईयों, योजना के लाभार्थी, बैंक प्रतिनिधि, जिला रिसोर्स पर्सन, जिला अग्रणी बैंक एवं अधिक से अधिक इच्छुक आवेदक सम्मिलित होंगे। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण एकल उद्यमी, एफ पीओ, स्वसहायता समूह एवं सहकारिता को बैंक के माध्यम से क्रेडिट लिंक्ड पूंजी सब्सिडी दिया जाना है। इस योजना के तहत् नवीन एवं मौजूदा दोनों उद्यमी को पात्र परियोजना लागत की 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख तक छूट का प्रावधान है। हितग्राही स्वयं का योगदान 10 प्रतिशत एवं शेष राशि बैंक से ऋण दिया जाएगा। इस योजना में सभी प्रकार के खाद्य सामग्री वनोपज पर आधारित निर्मित उत्पाद चना, मुर्रा, भुजिया, पेठा, पापड़, आचार, बड़ी, नमकीन, मिक्कर, बेकरी का निर्माण राईस मिल, कोदो मिल, पोहा मिल, आटा चक्की, मसाला उद्योग इत्यादि को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सड़क दुर्घटना के एक मामलें में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम बोरोकोना, निवासी स्व. जगदेव राम की सड़क दुर्घटना में 19 अक्टूबर 2022 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी पति बाई हेतु सोलेशियम फण्ड योजना, हिट एण्ड रन में दिए गए प्रावधान अनुसार 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने आरईएस और स्कूल विभाग की बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।





कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के स्कूल भवनों के मरम्मत और जीर्णोदार के कार्यों के स्कूल शिक्षा विभाग और इन कार्यों के लिए अधिकृत निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग आरईएस की बैठक ली। डॉ सिद्दीकी ने समन्वयक सत्येंद बसंत से जिले के सारबिला कोचिंग के संचालन के संबंध में जानकारी ली। सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के पूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी सभी एसडीओ आरईएस ने दी। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि सभी कार्यों को 30 अगस्त 2023 तक पूर्ण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, एसडीएम मोनिका वर्मा, डीईओ डेजी रानी जांगड़े, स्वामी आत्मानंद स्कूल के नोडल अधिकारीए सभी बीईओ और एसडीओ आरईएस उपस्थित थे।

# पलारी शराब भट्टी में हुए मारपीट के शेष आरोपी के ऊपर तीन दिवस भीतर कार्यवाही के लिये पुलिस प्रशासन को दिया आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।




बीते पखवाड़े में पलारी शराब भट्टी में ओवर रेट को लेकर मारपीट जैसे विवाद जैसे मामला सामने आया था जिसपर आवेदक द्वारा आज बलौदाबाजार जिला पुलिस कार्यलय में मारपीट विवाद में शेष आरोपी गिरफ्तारी के लिये तीन दिवस के भीतर कार्यवाही करने के लिये आवेदन दिया गया जिसमे जिला पुलिस प्रशासन द्वारा आवेदक को आश्वासत किया मामला का विवरण इस प्रकार है जिला बलौदाबाजार अतगत पलारी अंग्रेजी एवं देशी शराब दुकान में प्रिंट दर से अधिक दर पर शराब बेचने की शिकायत इस प्रकार है पलारी शराब दुकान में प्रिंट पर से अधिक दर पर शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा शराब बेचा जा रहा है, जिससे आये दिन शराब के जोव्हर रेट अधिक दर के कारण दुकान में वाद-विवाद लड़ाई-झगड़ा तथा मारपीट हो रहा है। शराब दुकान के कर्मचारी अधिक दर पर शराब विक्रय का विरोध करने पर माँ बहन की अश्लील शब्दों से गंदी गंदी गाली गलौच देते हुये मारपीट और गुण्डा गर्दी कर रहे हैं। विदित रहे दिनांक 17 जुलाई 2023 को हरेली त्यौहार के दिन ग्राम पंचायत टिपावन के सरपंच प्रतिनिधि एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बसंत जॉगड़े, घनश्याम जॉगडे और कुछ ग्रामीण शराब खरीदने आये थे तो वहाँ पर अंग्रेजी शराब नंबर 1 क्वार्टर प्रिंट रेट 200 रूपये को 220 रूपये एवं देशी दुकान में मशाला के क्वार्टर प्रिंट रेट 110 रुपये को 130 रूपये में बेच रहे थे। सरपंच प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर माँ.बहन की गाली गलौच देते हुये जान से मारने की धमकी देकर लाठी डंडो से काफी गारपीट किया गया है जिससे आतंरिक व बाह्य चोटे हैए तथा अनेकों ग्राहक को मारपीट के कारण गंभीर चोटे आई है, जिसकी शिकायत थाना तक मामला आ चुका है।

तथा खानापूर्ति के नाम पर मात्र 6 शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है जबकि शराब विक्रेताओं द्वारा अनेको लठैतों को बुलाया गया था। लेकिन गिरफ्तारी आज पर्यना नहीं हो पाई है। यह कि उक्त शराब दुकान में पुनः अधिक रेंट से शराब बिकी किया जा रहा है। अतः अविलम्ब शराब विक्रेताओं व लठैतो के विरुद्ध शासनात्मक कार्यवाही किया जाएं ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना घटितन होने पाव। यदि 3 दिवस के भीतर कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा धरना प्रदर्शन को बाध्य हो जायेगें, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन.प्रशासन की होंगी।

# प्रदेश भाजपा सह संगठन प्रभारी नितिन नवीन के मार्गदर्शन में भाजपा कोरिया की कोर ग्रुप बैठक' संपन्न

### संगठनात्मक गतिविधियों पर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।



25 जुलाई को बैकुंठपुर भाजपा जिला कार्यालय में कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। कोरिया जिला भाजपा कोर ग्रुप की बैठक छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश सह संगठन प्रभारी नितिन नवीन के मार्गदर्शन में और भाजपा कोरिया जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े,जिला संगठन प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव,जिला सह संगठन प्रभारी परमेश्वरी राजवाड़े,विधानसभा प्रभारी चिंटू राजपाल,विधानसभा विस्तारक विश्वनाथ साहू शामिल रहे। कोरे ग्रुप की बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कोरिया जिला भाजपा संगठन के सभी मोर्चों,प्रकोष्ठों,के मुख्य पदाधिकारियों से पार्टी की आंतरिक चुनावी गतिविधियों और रणनीतियों को लेकर दिशा निर्देश बावत थी। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह संगठन प्रभारी नितिन नवीन के द्वारा उपस्थित कोरिया जिला भाजपा के मुख्य पदाधिकारियों से रु ब रू हो अपना मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े,जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे,जिला महामंत्री विनोद साहू/पंकज गुप्ता,भाजपा कार्यालय प्रभारी भानू पाल,बैकुंठपुर नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे,लोकसभा प्रभारी शारदा गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े,जवाहर लाल गुप्ता,रविशंकर शर्मा,अवधबिहारी जायसवाल,कामता नाथ तिवारी,जगदीश साहू,भैयालाल साहू,सुखदेव राजवाड़े,नरेश्वर रजक,अभिमन्यु मुदली,राजेंद्र चक्रधारी,बैकुंठपुर मंडल अध्यक्ष कुबेर साहूएचरचा मंडल अध्यक्ष अरूण जायसवाल,सलका मंडल अध्यक्ष गोपाल कृष्ण राजवाड़े, कुडेली मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू,पटना मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल,बचरापोडी मंडल अध्यक्ष प्यारे साहू इत्यादि के संगठन दायित्व और गतिविधियों की समीक्षा और आगामी विधानसभा चुनाव में सक्रिय अभियान सहित कई अहम जिम्मेदारी को अवगत कराए।



# आयुष्मान सप्ताह अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

**नेटवर्क की समस्या से जूझते हुए वीएलई मोहरसाय बना रहे कार्ड**

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



छत्तीसगढ़ के उत्तरी छोर में स्थित चुनचुना.पुंदाग क्षेत्र चारों तरफ से ऊंची पहाड़ियों और घनें जंगलों से घिरा हुआ है। यह क्षेत्र अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित तथा पहुंच विहिन क्षेत्र माना जाता था। लेकिन जिला प्रशासन के निरंतर एवं अथक प्रयासों के बाद आज इस क्षेत्र को कई बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। लम्बे समय से पहुंचविहीन क्षेत्र के रूप में जाना जाने वाले इस क्षेत्र में आज सड़क मार्ग द्वारा पहुंचा जा सकता है। यहां के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उसका समुचित लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रेना जमील के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग लगातार कैम्प का आयोजन कर रहा है। कलेक्टर एक्का के मार्गदर्शन में जिले में 24 से 29 जुलाई 2023 तक आयुष्मान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ यहां के ग्रामीणों को नि:शुल्क मिल सके। सीएससी ई.गवर्नेस के वीएलई श्री मोहर साय द्वारा ग्राम पंचायत चुनचुना पुंदाग में हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिसके तहत चुनचुना में 339 लोगों तथा पुंदाग में 537 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

गौरतलब है कि चुनचुना पुंदाग पहुंचविहीन एवं नक्सली प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। ऐसे में आयुष्मान कार्ड बनाना बेहद कठिन एवं चुनौतीपूर्ण कार्य है। लेकिन इस कार्य को मोहरसाय घने जंगलों के बीच ऊँची पहाड़ी पर जाकर नेटवर्क कनेक्ट कर तथा स्थानीय ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड के रजिस्ट्रेशन के लिए नेटवर्क वाली जगह पर बुलाकर उनका आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। मोहर साय बताते हैं कि चुनचुना में 785 तथा पुंदाग में 990 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य था। जिसके विरूद्ध अब तक चुनचुना में 339 एवं पुंदाग में 537 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। मोहर साय ने बताया कि सामान्य स्थिति में इस लक्ष्य को बड़ी आसानी से पूरा किया जा सकता था लेकिन यहां नेटवर्क की समस्या होने के कारण कार्ड बनान में समान्य से अधिक समय लग रहा है। परन्तु वे ऐसी विकट परिस्थिति में भी वह लोगों का आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। वे इस क्षेत्र में अब तक कुल 876 लोगों का आयुष्मान कार्ड बना चुके हैं। इसके इसके अलावा मोहरसाय स्थानीय लोगों का आधार कार्डए पैन कार्ड एवं बैंक से संबंधित अन्य सभी कार्य भी कर रहे हैं। आयुष्मान सप्ताह अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनाया जा रहा है आयुष्मान कार्ड

### नेटवर्क की समस्या से जूझते हुए वीएलई मोहरसाय बना रहे कार्ड

छत्तीसगढ़ के उत्तरी छोर में स्थित चुनचुना.पुंदाग क्षेत्र चारों तरफ से ऊंची पहाडियों और घनें जंगलों से घिरा हुआ है। यह क्षेत्र अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित तथा पहुंच विहिन क्षेत्र माना जाता था। लेकिन जिला प्रशासन के निरंतर एवं अथक प्रयासों के बाद आज इस क्षेत्र को कई बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। लम्बे समय से पहुंचविहीन क्षेत्र के रूप में जाना जाने वाले इस क्षेत्र में आज सड़क मार्ग द्वारा पहुंचा जा सकता है। यहां के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उसका समुचित लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रेना जमील के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग लगातार कैम्प का आयोजन कर रहा है। कलेक्टर एक्का के मार्गदर्शन में जिले में 24 से 29 जुलाई 2023 तक आयुष्मान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ यहां के ग्रामीणों को नि:शुल्क मिल सके। सीएससी ई.गवर्नेस के वीएलई मोहर साय द्वारा ग्राम पंचायत चुनचुना.पुंदाग में हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिसके तहत चुनचुना में 339 लोगों तथा पुंदाग में 537 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

गौरतलब है कि चुनचुना पुंदाग पहुंचविहीन एवं नक्सली प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। ऐसे में आयुष्मान कार्ड बनाना बेहद कठिन एवं चुनौतीपूर्ण कार्य है। लेकिन इस कार्य को मोहरसाय घने जंगलों के बीच ऊंची पहाड़ी पर जाकर नेटवर्क कनेक्ट कर तथा स्थानीय ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड के रजिस्ट्रेशन के लिए नेटवर्क वाली जगह पर बुलाकर उनका आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं।

मोहर साय बताते हैं कि चुनचुना में 785 तथा पुंदाग में 990 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य था। जिसके विरूद्ध अब तक चुनचुना में 339 एवं पुंदाग में 537 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। मोहर साय ने बताया कि सामान्य स्थिति में इस लक्ष्य को बड़ी आसानी से पूरा किया जा सकता था लेकिन यहां नेटवर्क की समस्या होने के कारण कार्ड बनान में समान्य से अधिक समय लग रहा है। परन्तु वे ऐसी विकट परिस्थिति में भी वह लोगों का आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। वे इस क्षेत्र में अब तक कुल 876 लोगों का आयुष्मान कार्ड बना चुके हैं। इसके इसके अलावा मोहरसाय स्थानीय लोगों का आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक से संबंधित अन्य सभी कार्य भी कर रहे हैं।

## एक नजर

### खरीफ फसलो की बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2023 में बेमेतरा हेतु धान सिंचित, धान असिंचित, अन्य फसलों में मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, सोयाबीन, मूंगफली, तुअर अरहर मूंग एवं उड़द अधिसूचित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं एवं अवर्षा की स्थिति एवं कीट रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री मंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सभी ऋणी एवं अऋणी किसानों से बैंक या सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केन्द्र या ऑनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एवं प्रीमियम कटौती करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 है। जिसके लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का खरीफ-फसलों हेतु 2 प्रतिशत जमा करना होगा जो कि किसानों के द्वारा वहन किया जावेगा। अधिसूचित फसलों हेतु बीमा इकाई ग्राम धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन एवं मक्का,निर्धारित किया गया है और बीमा इकाई रा.निम कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, तुअर अरहर मूंग एवं उड़द निर्धारित किया गया है। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन ओपीटी.आउट प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 07 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। कृषक द्वारा निर्धारित समय सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा तथा अऋणी कृषक जो बीमा कराने के इच्छुक हो वे निर्धारित समय.सीमा के पूर्व किसी भी वित्तीय संस्थानध्बैंक में बीमा करा सकेंगें। अधिक जानकारी के लिए समस्त कृषक बंधु क्रियान्वयक बीमा कंपनी बजाज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमि के टोल फ्री नं. 18002095959 एवं फार्म मित्र एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर बीमा से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है साथ ही अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं सहकारी समितियों से सम्पर्क कर सकते है।

### कोसीर पुलिस ने 30 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब पर किया कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

ग्राम दहिदा के धनीराम खुंटे पिता नंदा खुंटे उम्र 63 वर्ष साकिन दहिदा वर्ष थाना कोसीर को हाथ भट्ठी से निर्मित 30 लीटर कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखे आरोपी के कब्जे से पकड़े जाने पर आरोपी को कोसीर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। सारंगढ़ जिला बनने के बाद से पुलिस विभाग को वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु समय-समय पर दिशा निर्देश लगातार देते रहे है जिस पर अमल करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में निरीक्षक अरूण नेताम थाना प्रभारी कोसीर के नेतृत्व में 26 जुलाई 2023 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी धनीराम खुंटे पिता नंदाराम खुंटे उम्र 63 वर्ष ग्राम दहिदा के कब्जे से गवाहो के समक्ष 30 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध विरुद्ध धारा 34;2, आबकारी एक के अंतर्गत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अरूण नेताम, आर.741 जीतराम लहरे, आर.1152 मुनीराम अनंत, आर0 832 सुरेश बर्मन म.आर. 515 पुष्पा नारंग का विशेष योगदान रहा है।




### जिले में 1 जून से अब 311.1 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 311.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 26 जुलाई तक औसत वर्षा 422.2 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.0 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 334.5 मिमी, मनोरा में 390.1 मिमी, कुनकुरी में 372.0 मिमी, दुलदुला में 339.9 मिमी, फरसाबहार में 163.4 मिमी, बगीचा में 375.0 मिमी, कांसाबेल में 159.7 मिमी, पत्थलगांव में 298.6 मिमी एवं सन्ना में 367.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

## मोबाइल बताएगा, कब लगेगा टीका, अब टीकाकरण कार्ड जरूरी नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

राष्ट्रीय सर्वव्यापी टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार द्वारा समस्त प्रदेशों में यू-विन नामक एप के माध्यम से टीकाकरण के समस्त रिकार्ड डिजिटल करने का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। यू-विन डिजिटल प्लेट फॉर्म के द्वारा गर्भवती महिलाओं के पंजीयन से लेकर प्रसव होने तक की सम्पूर्ण जानकारी तथा शिशुओं के जन्म से लेकर जन्म डोज एवं उसके बाद के समस्त टीकाकरण के रिकॉर्ड संधारित किए जाएंगे। यू-विन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को ट्रेकिंग कर समय पर टीकाकृत किया जाएगाए जिससे टीकाकरण में होने वाले लेफ्ट आउट एवं ड्राप आउट को रोका जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने बताया कि हितग्राही के यू-विन में एक बार रिकॉर्ड हो जाने के बाद आगामी खुराक के टीका के लिए ट्रेकिंग आसान हो जाएगी। बिना टीकाकरण कार्ड के हितग्राही अपनी पसंद के किसी भी टीकाकरण केन्द्र पर टीकाकरण करा सकेगा। इस एप के माध्यम से टीकाकृत हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी जनरेट होगा। जिले के अधिकारियोंए कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर मोहम्मद अज़ीम यूएनडीपी द्वारा दिया गया। यू-विन एप के प्रशिक्षण में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश सेन, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक इजारदारए समस्त पीएचसी प्रभारियों सहित विभाग के मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 7 अगस्त से शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सेन ने बताया कि आगामी 7 अगस्त को शुरू होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण यू -विन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सम्पन्न कराया जाएगा।

## वाहन चालक कर्मचारी संघ का प्रांतीय स्तर बैठक रायपुर में हुआ संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी शासकीय अर्ध शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ अब एक होकर महासंघ का गठन कर कार्य करने का संकल्प लीया है। 23 जुलाई 2023 को छत्तीसगढ़ शासकीय वाहन चालक महासंघ कि आवश्यक बैठक जल संसाधन विभागीय परिसर काली मंदिर के पीछे रायपुर में रखा गया था। जिसमें छग शासकीय वाहन चालक/यांत्रिक कर्मचारी संघ 165/2001 से प्रांताध्यक्ष. मनीष ठाकुर महासमुंद, आर के नायर प्रदेश महामंत्री, विनीत शुक्ला.महामंत्री, जागेन्द्र टण्डन प्रांतीय प्रवक्ता, राधेश्याम गोयल.कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष महासमुंद, छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिक कर्मचारी संघ,16105/2008 से प्रांताध्यक्ष सत्यप्रकाश बाघ जगदलपुर, महेंद्र कुमार पावले रायपुर .प्रदेश उपाध्यक्ष, महेश कुमार साहू रायपुर. कार्यकारिणी प्रांताध्यक्ष, तिलक ध्रुव रायपुर.प्रदेश कोषाध्यक्ष, ताराचंद साहू धमतरी.प्रदेश महासचिव, संचालनालयीन विभागाध्यक्ष वाहन चालक कर्मचारी संघ 32576 ;2015, से महेन्द्र कुमार साहू रायपुर. अध्यक्ष, दुष्यंत कुमार सोन. उपाध्यक्ष,गणपत वर्मा महासचिव, दानेश्वर देशमुख सचिव,त्रिलोकी वर्मा कोषाध्यक्ष, चेतन कुर्रे. संगठन मंत्री, छ.ग. प्रदेश शासकीय वाहन चालक स्वास्थ्य विभाग कल्याण संघ 122201962215/2019 से सुरेन्द्र कुमार टण्डन कसडोल. प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट गेरेज शासकीय कर्मचारी संघ से घनश्याम पटेला.अध्यक्ष, बाल कृष्ण साहू रायपुर.उपाध्यक्ष, रामकुमार सिंह . सचिव, दिलीप यदु कोषाध्यक्ष, कश्मीर लकड़ा. संयुक्त सचिव आदि सभी प्रदेश पदाधिकारी गण उक्त बैठक में उपास्थित हुए। बैठक में महासंघ के द्वारा 28 जुलाई 2023 को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर प्रदेश के समस्त शासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिक कर्मचारी संघ मिलकर नया रायपुर के तूता धरना स्थल पर अपनी जायज मांगों को सरकार के कानों तक पहुंचाने एवं अपनी मांगों को पूरा कराने के लिये एक साथ मिलकर हुंकार भरेंगे।

पूरे प्रदेश में यह पहली बार ऐसा धरना प्रदर्शन होने वाला हैं जहा प्रदेश के सभी विभाग के वाहन चालक एक जुट होकर एक बैनर मे अपनी मांगों के लिये हड़ताल करेंगे। संघ के सभी सभी प्रदेश अध्यक्ष, अध्यक्ष,सचिव,महासचिव,महामंत्री ,कोषाध्यक्षों ने मिलकर प्रदेश के ब्लाक स्तर.जिला स्तर.संभाग स्तर के सभी विभागों के वाहन चालकों भाईयों से आग्रह कीया है कि सभी वाहन चालक भाई एक दिन का अवकाश लेकर महासंघ के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने कि अपील कि है।

## पांच प्रकरणों में फरार दो स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटीयों को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत बेमेतरा पुलिस के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी साजा जिला बेमेतरा, न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 483/2011 धारा 403 भादवि प्रकरण क्रमांक 483/2011 धारा 403/34 भादवि 369/2011 धारा 379, 34 भादवि 424/2011, धारा 403,379, 34 भादवि में फरार चल रहे स्थायी वारंटी सारंगी गौरिया उर्फ बिल्लू गौरिया पिता रसीद उर्फ राजकुमार गौरिया उम्र 42 साल साकिन सिरनाभाठा थाना धमधा जिला दुर्ग तथा प्रकरण क्रमांक 835/2021, धारा 379, 34 भादवि में फरार चल रहे स्थायी वारंटी राजा गीरिया पिता भुरू गौरिया उम्र 23 साल साकिन वार्ड नंबर 05 रानी बगीचा गण्डई जिला खैरागढ़ को जरिये मुखबीर कि सूचना पर पकड़ा गया उपरोक्त वारंटी को माननीय न्यायाल पेश किया गया है। तथा प्रकरण क्रमांक 708/2021, धारा 279.339 भादवि प्रकरण क्रमांक 752/2021, धारा 452,294,506,323, 34 भादवि में जारी स्थायी वारंटी शैलेन्द्र साहू पिता सेउक साहू उम्र 27 साल साकिन पिपरिया थाना साजा जिला बेमेतरा के पता तलास दौराना वारंटी को नागपुर केन्द्रीय जेल में होने की जानकारी मिलने पर थाना साजा पुलिस स्टाफ भेजकर केन्द्रीय जेल भेजकर तस्दीक करने पर वारंटी को पुलिस थाना शावनेट नागपुर के अपराध क्रमांक 184/2022 धारा 363,366 ए, 376, आर डब्लू 04 पास्को एक्ट के मामले में केन्द्रीय जेल नागपुर में निरुद्ध होना दोनों वारंट के पुस्त पर लेख कर सील हस्ताक्षर कराकर स्थायी वारंट माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्र.आर येमन बघेल, आरक्षक गोलूराम पटेल, रोशन वर्मा, मुकेश चन्द्रवंशी, सौरभ सिंह, रामानुज जायसवाल एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

## मतदाता जागरूकता के तहत 80 वर्षीय बुजुर्ग और नवविवाहित दंपत्ति ने वोट किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत तहसील कार्यालय सारंगढ़ में ग्राम नंदेली की 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कचरा बाई ने ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन में वोट किया। इसी प्रकार कलेक्टोरेट सारंगढ़ में ग्राम गोड़िहारी के नवविवाहित शरद बरगाह और अंशिका यादव ने ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन में वोटिंग करके मतदान का परीक्षण किया। आगामी विधानसभा चुनाव के जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टोरेट सहित सभी तहसीलों में आने वाले सभी आगन्तुकों के जागरूकता के लिए ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट का प्रदर्शन किया गया।

**नशे के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी**

# 50 हजार के नशीली दवाईयों सहित 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला के द्वारा अवैध नशे के कारोबार के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है जिसके बाद से ही थाना.चौकी की पुलिस के द्वारा नशे के कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में 26 जुलाई 23 को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सूरजपुर के धान मंडी के पास अवैध नशीली इंजेक्शन रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर शेर मोहम्मद पिता स्वण् बलि मोहम्मद उम्र 68 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 पुराना बाजारपारा सूरजपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से लिजेसिक इंजेक्शन 13 नग, एविल इंजेक्शन 25 नग कुल 38 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 20 हजार रूपये है। वहीं दूसरे मामले में मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सूरजपुर के बस स्टैण्ड गली में नशीली इंजेक्शन रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने फौरन कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर गोलू कसेरा पिता दिलीप कसेरा उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07, पुराना बाजारपारा सूरजपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से टीजेसिक इंजेक्शन 20 नग, एविल इंजेक्शन 34 नग कुल 54 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 30 हजार रूपये है। दोनों ही मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 21,सी, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे,एसआई पियुश कांत चन्द्राकर, एएसआई अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, अदीप प्रताप सिंह, इसित बेहरा, महेन्द्र सिंह, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, रामकुमार नायक, राधेश्याम साहू, हरिशंकर सिंह व महिला आरक्षक नीता भण्डारी सक्रिय रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बाराद्वार, जिला- सक्ती ( छ.ग. )**

**। । ईश्तहार । ।**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23
ग्राम - नया बाराद्वार, प.ह.न.- 11
श्रीमती साधना देवी पति श्री विष्णु कुमार
निवासी नया बाराद्वार, तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.)
................आवेदिका बनाम
छ.ग. शासन
..........................................
..........................................
............अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसधारण निवासी ग्राम नया बाराद्वार प.ह.नं. 11 तह.-बाराद्वार को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती साधना देवी पति श्री विष्णु कुमार निवासी नया बाराद्वार तहसील बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्रााम नया बाराद्वार स्थित भूमि- स्वामी हक की भमि ख.नं. 662/6 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को आवासीय प्रायोजन के लिए व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभानक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 14/8/2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/07/2023 को मेरे शील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार**
**बाराद्वार**
**जिला-सक्ती**

**न्यायालय तहसीलदार ( परि. भूमि ) सक्ती, जिला सक्ती ( छ.ग. )**

**। । ईश्तहार । ।**

**क्रमांक**
**2732/ना.तह./वाचक/2023**
**सक्ती दिनांक 25.7.2023**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23
ग्राम सोंठी, तहसील-सक्ती

एतद् द्वारा आम जनता साकिन सोंठी, प.ह.न. 16, तहसील सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता जायसवाल पति मनोज कुमार निवासी वार्ड नंबर 12 नारायण सागर रोड सक्ती, तहसील व जिला सक्ती (छ.ग.)के द्वारा ग्राम सोंठी, प.ह.न. 16, तहसील सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 351/4 रकबा 0.009 हेक्ट. भूमि को व्यावसयिक प्रायोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बावत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती के न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: आवेदिका के उक्त भूमि का व्यवसयिक प्रायोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में 08.08.2023 को स्वयं या जरिये अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से पेश कर सकते हैं। पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार**
**( परि.भू. )**
**सक्ती**

# वन अधिकार पट्टा, मुआवजा एवं रोड जाम से मुक्ति के लिए होगा आंदोलन-सन्तोष राठिया

## सैकड़ों आदिवासियों ने घेरा तहसील कार्यालय

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



कांग्रेस के पांच साल पूरे होने के बाद भी छर्राटांगर के आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा प्रदाय नहीं किया गया। बैहामुड़ा के किसानों को रेलवे के फ सल मुआवजा 2019 से नहीं मिलने और जामपाली से कुडुमकेला तक के मुख्य सड़क पर एसीसीएल द्वारा रोड में ट्रेलर खड़ी करने से रोकने के लिए भाजपा नेता और जिला पंचायत सदस्य सन्तोष राठिया, युवा मोर्चा के प्रांत सहसंयोजक राजेश बेहरा,भाजपा महामंत्री बेद राणा, भाजयुमो अध्यक्ष गगन ठाकुर, महामंत्री अजित गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों, आदिवासी महिला पुरुष ने घरघोड़ा में नारे लगाते हुए तहसील कार्यालय घरघोड़ा का घेराव कर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को मांग पत्र सौंपा है। भाजपा नेताओं ने मांगपत्र के संदर्भ में कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार को आम जनता और आदिवासियों से कोई लेना देना नहीं है। पूर्व में दिए जा रहे वन अधिकार पट्टा को भुपेश सरकार ने रोक कर रखा है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों का भयादोहन किया है। छर्राटांगर के आदिवासी किसानों को डराया धमकाया जा रहा है। बैहामुडा के किसानों को 2019 के बाद फसल मुआवजा नहीं दी जा रही है। कुडुमकेला के नागरिक, स्कूल बच्चे स्कूल जाने के लिए बहुत दिक्कत में है। जामपाली के एसीसीएल खदान के द्वारा प्राइवेट व्यक्तियों को ठेका देकर मुख्य सड़क में दोनों ओर ट्रेलर खड़ी कराया जा रहा है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। उक्त तीनों समस्या के हल के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर से गुहार लगाया है। ग्रामीण इस बार आर पार की लड़ाई के मूड में है। एसीसीएल के खदान बंद कर व्यापक आंदोलनके लिए तैयार किया गया है। आज के कार्यक्रम में भाजपाइयों के साथ रसीला बाई राठिया, मेहहत्तर, गोवर्धन, राठिया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# गौठान ने बदला जीवन, दिया परिवार को सहारा-राम बकस

## 358 क्विंटल गोबर बेचकर राम बकस ने कमाए 71 हजार 636 रुपए,प्राप्त राशि से खरीदी एक जोड़ी बैल

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

गौठान नवापारा कला, विकासखंड प्रेमनगर के राम बकस, गौठान में चौकीदार हैं। वो अपने परिवार के साथ गौठान में निर्मित चरवाहा कक्ष में ही रहते हैं। उनके पास कुल 0.13 हेक्टेयर जमीन, दो गाय तथा दो बछिया हैं। गौठान में आने वाले पशुओं तथा स्वयं के पशुओं से प्राप्त गोबर एवं गांव के चौक.चौराहों से गोबर संग्रहण कर



राम बकस ने गोधन न्याय योजना प्रारंभ होने से लेकर आज तक कुल 358.18 क्विंटल गोबर विक्रय किया है। जिससे उन्हें 71 हजार 636 रुपए की राशि प्राप्त हुई है। रामबकस ने उक्त राशि का उपयोग 1 जोड़ी बैल खरीदने तथा अपने जमीन को खेती लायक बनाने के लिए उन्हें उपयोग में लाया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा गौठान में साग सब्जियों का उत्पादन भी किया जा रहा है। ये शासन की योजना ही है कि आज उनका परिवार एक बेहतर जीवन निर्वाह कर पा रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि गोधन न्याय योजना अंतर्गत गौठान में गोबर बेचने से उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। आज इस योजना के माध्यम से उनका परिवार सम्मान की जिंदगी जी रहा है। इसलिए वह गौठान की देखभाल अपने घर की तरह ही करते हैं।

## एक नजर

### धरमजयगढ़ के नवीन छात्रावास में प्रवेश हेतु विद्यार्थी छात्रावास अधीक्षक मनोज कुजूर से कर सकते संपर्क

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकासए रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छ.ग. शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय द्वारा जिला- रायगढ़ के विकासखण्ड धरमजयगढ़ में 1 नवीन अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक 100 सीटर बालक छात्रावास की स्थापना/प्रारंभ करने की स्वीकृति 2023-24 के मुख्य बजट में प्रदान की गई है। उपरोक्त आदेश के परिपालन में छात्रावास अधीक्षक श्रेणी-स पोस्ट मै. आदिवासी बालक छात्रावास, धरमजयगढ़ मनोज कुजूर मोबा.नं. 9713398621 को छात्रावास संचालन हेतु आदेशित किया गया है। उक्त नवीन छात्रावास, प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास धरमजयगढ़ में संचालित होना है। इच्छुक विद्यार्थी अधीक्षकों से संपर्क कर प्रवेश ले सकते है।

### लंग कैंसर के मरीज को मिली 10 हजार की आर्थिक सहायता

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

लता ताम्रकार ग्राम केवरा विख प्रतापपुर जिला सूरजपुर की निवासी है। जो कि 12 वीं की छात्रा है। आवेदिका के पिता को लंग कैसर है। जिसका ईलाज रायपुर से चल रहा है। परिवार में एक ही कमाने वाला व्यक्ति है। परन्तु बीमारी की वजह से कार्य नहीं कर पा रहे हैं। जिससे घर की आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा ही खराब हो गयी। इस कारण प्रार्थी ने कलेक्टर के समक्ष आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था।



आवेदिका की परेशानियों को देखते हुए कलेक्टर ने अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा अर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु सचिव रेडक्रॉस डॉ.आरएस सिंह को निर्देशित किया था। इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा लता ताम्रकार को 10 दस हजार का चेक प्रदाय किया गया। आवेदिका के द्वारा चेक प्राप्त कर कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी का आभार व्यक्त किया गया।

### भ्रष्टाचार के मामले में भूपेश लालू से आगे -ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




भ्रष्टाचार को लेकर भूपेश सरकार पर करारा तंज कसते हुए भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने बिहार के पूरे मुख्यमंत्री लालू यादव एवं छत्तीशगढ़ के मुखम्यमंत्री भूपेश बघेल का एक कार्टून अपने सोशल मंच से वायरल किया किया है। ओपी ने लिखा है कि विपक्षी पार्टी के लालू जी इन दिनों छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बहुत नाराज हैं क्योंकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश उन्हें नंबर वन से पछाड़ते हुए आगे हो गए हैं। दोनों के मध्य तुलना करते हुए ओपी ने बताया कि पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव चारा घोटाला, नौकरी घोटाला, रेल घोटाला, जमीन घोटाला को लेकर देश में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर नम्बर वन थे लेकिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोबर घोटाला, शराब घोटाला, कोयला घोटाला, रेत घोटाला, पीएससी घोटाला, भर्ती घोटाला करते हुए भ्रष्टाचार के क्षेत्र में नया इतिहास रच बिहार को पीछे छोड़ दिया। ओपी का यह कार्टून सोशल मंच में ट्रेड कर रहा है

## अकेली औरत

वो अकेली है जरूर पर अपनों को खास रखती है।
सबकी हिम्मत बनती है पर खुद के तकलीफों को राज रखती है।
सबकी नजर उस पर रहती है पता नहीं कितनों की कितनी बाते सुनती है।
कई बुरी नजर पड़ती है फिर भी सब चीज ओझल कर चुप-चाप रहती है।
घर की जवाबदारी भी उठाती है,
इसलिए अकेली सब सहती है।

हंसती है तो लोग उसके चरित्र तक परख लेते है,
पर सब, वो अनसुना कर लेती है।
जानती है उसे कंधा देने वाला कोई नहीं,
इसलिए खुद गिरती है तो खुद उठ जाती है।

तकलीफ देने वालों की कमी नहीं,
पर इस स्वार्थी दुनिया में अपना फर्ज निभाती है।
ऐसा नहीं की वो रोती नहीं है,
कभी पढ़िए जनाब किसी अकेली औरत को,
वो कई रात तो सुकून से सोती भी नहीं हैं।


लोग करे न करे भरोसा, वो लोगों पे जल्द भरोसा करती है।
लोग लहजे से तोड़ देते है फिर भी सहती हैं।
लोगों के पास कहने को पूरा परिवार होता है,
पर वो अपना दु:ख खुद ही सुनती है, खुद ही कहती है।

तकलीफ सहन की हैं इसलिए दूसरो को समझती है,
अकेली औरत है जनाब झूठे वादे नहीं देती हैं।
कोई साथ नहीं इसलिए हालातों से लड़कर अकेले चलती है।
और मुश्किल घड़ी में लोगों के साथ खड़ी रहती है।

उसे ऊपर नहीं उठा सकते तो नीचे भी मत गिराए,
क्योंकि वो जमाने से शिकायत, अपने आप बीती नहीं कहती है,।

कई पर बाप का छाया नहीं होता,
कई ने मां तक न देखी होगी,
कई पति से सताई गई होगी,
कई अकेले ही घर की कमाई होगी।
अकेली औरत है साहब अपना फर्ज निभाती है।
कुछ भी हो जाए अकेली चुप-चाप सहती है।

**कवयित्री**
**सोनू मंडल**
**धरमजयगढ़**



# सूरजपुर के शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में राजधानी रायपुर शामिल होगें

## 8 सूत्रीय मांगों के लिए 28 जुलाई को होगा आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



छत्तीसगढ़ शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के द्वारा राजधानी रायपुर में 28 जुलाई को आयोजित धरना और शासकीय वाहनों के चक्काजाम आंदोलन में सूरजपुर जिले के भी शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक शामिल होंगे। प्रांतीय निकाय के आव्हान पर जिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस संबंध में कलेक्टर परिसर वाहन चालक कक्ष में बैठक का आयोजन कर आंदोलन में भाग लेने का निर्णय लिया। बैठक में संघ के प्रदेश महामंत्री रमेश राजवाड़े ने बताया कि संघ के द्वारा आठ सूत्रीय मांगों के समर्थन में यह आंदोलन किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में वाहन चालकों प्रारभिक ग्रेड वेतन 2800 रूपये किये जाने, दैनिक वेतन भोगी, संविदाकर्मी और कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किये जाने, शैक्षिणिक योग्यता के आधार पर वाहन चालकों को भी पद परिवर्तन पदोन्नति करने, कार्यभारित प्रथा समाप्त कर कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित स्थापना में करने, शासकीय विभागों के वाहन चालकों के दुरुपयोग पर अंकुश करने, शासन द्वारा विभिन्न विभागों में व्यापम एवं सिधी भर्ती के माध्यम से दैनिक वेतन भोगी वाहन चालक को प्राथमिकता दी जाये, वाहन चालकों को मोबाईल भत्ता 200 रुपए के स्थान पर 1000 रुपए करने, समस्त शासकीय वाहनों का बीमा अनिवार्य रूप से कराने सहित मांग शामिल है। बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष परमेश्वर राम देवांगन, मुकेश साहू, संतोष सिंह, जियाउल हुसैन, शंकर रजक, महेन्द्र कुमार देवांगन, देवनंदन सिंह, सुनील सिंह, नरेंद्र गुप्ता, रवि श्रीवास्तव, पंकज सिंह, भुनेश्वर राजवाड़े, सनीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# राजा शर्मा बने असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के रायगढ़ संभागीय अध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।





भूपेश बघेल के आशीर्वाद से अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी महामंत्री रविघोष एवं संगठन मोर्चा प्रभारी महामंत्री सुमित्रा धृत लहरें, पूर्व प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला के अनुमोदन के पश्चात असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडे ने राजा शर्मा को रायगढ़ संभाग का अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है राजा शर्मा ने छत्तीसगढ़ अध्यक्ष आलोक पांडे का आभार जताया तथा कहा कि मुझे नई जिम्मेदारी दी गई है असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा तथा पिछले बार भी मुझे रायगढ़ जिला किसान कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था जिसमें जिला कार्यकारिणी ब्लाक कार्यकारिणी एवं बूथ लेबल तक के सदस्य बनाए गए थे उसी तरह संभाग के अंतर्गत सभी जिलों में मजबूत टीम बनाई जाएगी और असंगठित एवं कर्मचारियों के हित की तथा उनके सुरक्षा की खातिर कार्य किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी को मजबूत मनाया जाएगा आने वाले विधानसभा चुनाव में भी असंगठित संगठन में समस्त पदाधिकारियों को सक्रियता से जिम्मेदारी दी जाएगी ताकि फिर से एक बार कांग्रेस का परचम लहराएगा और प्रदेश में फिर से भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनेगी जल्दी संभाग के जिलों में दौरा कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा और जिस जिले में और ब्लाकों में असंगठित कांग्रेस संगठन नहीं बना है उसे जल्द ही बनाया जाएगा और नए जिला अध्यक्षों की भी नियुक्ति की जाएगी तथा निष्क्रिय जगहों पर फिर से नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी।

# सैकड़ों स्कूल बच्चे व ग्रामवासियों ने इस रोड पर चलने को मजबूर-भाजपा नेता डॉ.जगजीवन खरे



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधासभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नारायणपुर के आश्रित ग्राम तेदूभाठा के शासकीय प्राथमिक शाला व आंगनबाड़ी केंद्र जाने वाले सड़क पर कीचड़ में तब्दील हो जाती है। जहां स्कूल आंगनबाड़ी व ग्रामीण को काफी परेशानी का सामना करना रहा है और जहां बरसात का मौसम शुरू होते ही कच्ची सड़कों की दुर्दशा शुरू हो जाती है और अधिकांश कच्चे सडक पूरी तरह कीचड में तब्दील हो जाती हैं। जिससे स्कूल व आंगनबाड़ी जाने वाले बच्चे को कीचड़ में चलकर जाने वाले बच्चे कों जाना हि पड़ेगा।

### सैकड़ों बच्चों इस कीचड़ को पार कर स्कूल व आंगनबाड़ी जाने को मजबूर

ग्राम तेदूभाठा के सैकड़ों बच्चों स्कूल पढ़ने गांव के बाहर स्थित स्कूल तक जातें हैं जहां सड़क मार्ग में कीचड़ इन् वजह से स्कूली बच्चों अत्यधिक परेशान हो रहे हैं। पंचायत में सड़कों की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार क्षेत्रीय



जनप्रतिनिधियों से सड़क बनाने की मांग लंबे समय से मांग कर चुके हैं, लेकिन किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहें, जिसमें जिम्मेदार की उदासीनता से गांव के सड़क ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के लिए परेशानियों का सबब बन कर रह गया है। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामवासियों के समस्याएं को देखते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. जगजीवन खरे ने कहा कांग्रेस सरकार राज में ग्रामीणों कों भुगतना पड़ रहे है ऐसे भरष्ट सरकार कों हटाना है और भाजपा का सरकार लाने का बात कही।

# ग्राम पंचायत हिर्री में 15 वें वित्त योजना में सचिव के संरक्षण से जमकर हुई सरकारी राशि की बंदरबांट

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगगढ़।









बरमकेला जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिर्री में सचिव भीचरण पटेल के संरक्षण से 15 वें वित्त आयोग की राशि को जमकर बंदरबांट किया गया है। जिसमे न तो निर्माण कार्य हुआ है और न ही ग्राम पंचायत में विकास कार्य हालांकि अधिकारियों की मिलीभगत से यह काम पूर्ण नहीं हो सकता लेकिन अधिकारी की साह पर पंचायत सचिव की हौसला बुलंद है। सरकार की मंशा को पानी फेरते दिख रहे है पंचायत सचिव यहा लाखो रुपए की हेरा फेरी किया गया है। जिसमे ग्राम सरपंच और सचिव की अहम भूमिका दिखा जाता है लेकिन यहां सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर पानी फेरते दिख रहे है। जनपद सीईओ अब क्या कारवाही करते है देखने वाली बात है वही। ग्राम पंचायत हिर्री आपको एक ताजा मामला दिखाने जा रहे है जिस पर बाजार परिसर में मूर्मिकरण 49500 रुपए का उन्चास हजार पांच सौ का मुरमी करण की भुगतान के नाम पर निकाला गया है जबकि बाजार परिसर तो पहले से इंटर लॉक टाइल्स लगा हुआ है तो यहा मुर्मी करण की क्या आवश्यकता होगी। वैसे यहा 15 वें वित्त आयोग की राशि का अवैधानिक तरीके से राशि का बंदर बांट किया गया है जिसमे मोटर पंप, वृक्षारोपण, मूर्मिकरण,समतलीकर,पंप स्थापना,चबूतरा,फेंसिंग कार्य,मरमत सामग्री जैसे नामकरण कर भारी भ्रष्टाचार किया गया।

जिसकी बारीकी से जांच करने की आवश्यकता प्रतीत हो रही है। अब देखना यह है की नया सीईओ के द्वारा क्या कारवाही किया जाता है वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों का कहना है की जल्द जन चौपाल में शिकायत भी होगा। सभी मद की विकासों की बारीकी से जांच जरूरी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in